Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 310 | रविवार, 15 नवम्बर-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

भारतीय अंडर-19 टीम ने नौवीं बार जीता एशिया कप

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। कप्तान लक्ष्य रायचंदानी (80), आर्यवीर सहवाग (58), मोहित उल्वा (नाबाद 49) और मनल चौहान (47) की शानदार पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने पाकिस्तान को शनिवार को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर एशियन क्रिकेट काउंसिल अंडर-19 एशिया कप का खिताब नौवीं बार अपने नाम किया। मुकाबले में पिछड़ चुकी भारतीय टीम को मोहित उल्वा और मनल चौहान की जोड़ी ने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर वापसी कराई और पाकिस्तान को एक विकेट से शिकस्त दी। मनल चौहान के आउट होने के बाद एक बार भारतीय उम्मीद को झटका लगा था लेकिन आखिरी बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे चिगुरपति वेंकटा ने नाबाद 11 रनों की पारी खेल कर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मोहित उल्वा ने 26 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 49 रन की मैच विजयी पारी खेली।

338 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम के लिए कप्तान लक्ष्य रायचंदानी और आर्यवीर सहवाग की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरूआत की। 18वें ओवर में निकाब शरीफ ने आर्यवीर सहवाग (58) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वीके विनीत ने लक्ष्य रायचंदानी के साथ दूसरे विकेट लिए 51 रन जोड़े। 27वें ओवर में रिजवानउल्लाह ने विनीत (24) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ाती नजर आयी। इसी दौरान 37वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रहे रायचंदानी (80) को अली रजा ने आउट कर भारत की उम्मीदों को तगड़ा झटका दिया। अर्जुन राजपूत (16), यशबर्धन चौहान (नौ), अन्वय द्रविड (19), आर्यन सवसानी (नौ), काव्य परेश पटेल आठ रन बनाकर आउट हुये।

इसके बाद मनल चौहान और मोहित उल्वा के साथ नौवें विकेट लिए 57 रनों की साझेदारी कर भारत की मैच में वापसी करा दी। इसी दौरान 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर निकाब शरीफ ने मनल चौहान को आउट कर दिया। मनल चौहान ने 32 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 47 रनों की पारी खेली। इसके बाद चिगुरपति वेंकटा ने उल्वा के साथ मिलकर भारत को जीत दिला दी। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 339 रन बनाये। पाकिस्तान की ओर से रिजवानउल्लाह ने तीन विकेट लिये। निकाब शरीफ को दो विकेट मिले। अली रजा , मोहम्मद सय्याम और हसनैन अब्बास दार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

आज यहां इससे पहले उस्मान ख्वाजा (107) और अब्दुल कादिर (80) और कप्तान फरहान यूसफ (63) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने भारत को जीत के लिए 338 रनों का लक्ष्य दिया। पाकिस्तान की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। उस्मान खान और हयाम खान की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। नौवें ओवर में काव्य परेश पटेल ने हयाम खान (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अब्दुल कादिर ने उस्मान ख्वाजा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 135 रनों की साझेदारी हुई। 27वें ओवर में अर्जुन राजपूत ने शतक की ओर बढ़ रहे अब्दुल कादिर को अपना शिकार बना लिया। अब्दुल कादिर ने 54 गेंदों में तीन चौके और आठ छक्के लगाते हुए 80 रन बनाये। 37वें ओवर में पटेल ने शतक बना चुके उस्मान ख्वाजा (107) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। उस्मान ने अपनी पारी में 111 गेंदों का सामना किया और 11 चौके और तीन छक्के लगाये। 45वें ओवर में फरहान यूसफ (63) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। आखिरी ओवरों में गेदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के बल्लेबाजों को लगातार आउट कर भारत की मैच में वापसी कराई। पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 337 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया।

भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से काव्य परेश पटेल ने चार विकेट लिये। चिगुरपति वेंकटा को तीन विकेट मिले। अर्जुन राजपूत ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

मोदी ने नेहरू की जयंती पर उन्हें दी श्रद्धांजलि

देशभर में बाल दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।' पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ और वह 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी के समय से लेकर 27 मई 1964 को अपने निधन तक भारत के पहले प्रधानमंत्री रहे।

उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख नेता के रूप में आजादी के बाद के शुरूआती वर्षों में भारत के राजनीतिक, आर्थिक और संस्थागत ढांचे को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। श्री नेहरू संसदीय लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने आधुनिक संस्थानों और बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा दिया। उनके कार्यकाल में कई प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों की स्थापना और विस्तार हुई, जिनमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) शामिल हैं।

उन्होंने इसके साथ ही वैज्ञानिक अनुसंधान, औद्योगिक विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण पहलों को अमलीजामा पहनाया। उनके बच्चों के प्रति स्नेह को देखते हुए प्रत्येक साल 14 नवंबर को पूरे देश में 'बाल दिवस' मनाया जाता है।

मोदी को सत्य, अहिंसा और प्रेम के रास्ते हरायेंगे : राहुल गांधी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



हैदराबाद। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश में लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस श्री मोदी को सत्य, अहिंसा और प्रेम के रास्ते पर चलकर सत्ता से बेदखल करेगी।

श्री गांधी ने शनिवार को यहां 'भारत शिखर' सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में दो तरह के लोग हैं। एक छोटा समूह ऐसा है जो सब कुछ जानने और समझने का दावा करता है तथा खुद को भगवान समझता है। राजनीति में ऐसे लोगों को फासीवादी कहा जाता है जबकि बहुसंख्यक लोग जिज्ञासु होते हैं, सवाल पूछते हैं, दूसरों की बात सुनते हैं और विनम्र बने रहते हैं।

उन्होंने कहा कि 2014 में देश ने चुनाव प्रचार का बिल्कुल नया रूप देखा जिसमें राजनीतिक व्यवस्था में करोड़ों डॉलर लगाये गये और चुनाव प्रचार एक ऐसे तमाशे में बदल गया, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया था। उनके अनुसार धीरे-धीरे भारत में लोकतंत्र की स्थिति लगातार बिगड़ती गयी और अब देश में लोकतंत्र नहीं रह गया है। उन्होंने सवाल किया कि यदि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 14 करोड़ लोगों को गैर-मौजूद या गैर-मतदाता घोषित किया गया और 13 प्रतिशत मतदाताओं को अवैध करार दिया गया तो उस चुनाव को वैध कैसे माना जा सकता है।

श्री गांधी ने राजनीति और कारोबार के गठजोड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने से पहले एक कारोबारी दुनिया के अमीरों की सूची में 600वें स्थान पर था और कुछ महीने पहले दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बन गया। उन्होंने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी और श्री मोदी के बीच की रेखा मिट चुकी है तथा हवाई अड्डों, बंदरगाहों, पुलों, सीमेंट, रक्षा और बुनियादी ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अडानी का प्रभाव बढ़ा है। उनका कहना था कि एक दशक में भाजपा की संपत्ति 11 गुना बढ़ गयी है, जिससे वह आर्थिक रूप से बेहद ताकतवर हो गयी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा के जरिए लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया, क्योंकि मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचना पर्याप्त नहीं था। उन्होंने कहा कि संस्थानों और धन पर चाहे किसी का कितना भी नियंत्रण हो, भारत के लोगों से सीधा जुड़ाव उससे कहीं अधिक ताकतवर है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई केवल वर्तमान की नहीं, बल्कि अतीत और भविष्य की भी है।

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण फैलाने वाले 191 उद्योगों को बंद करने का निर्देश

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण के उपायों में तेजी लाने और नियमों का उल्लंघन करने वाले उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश देने के साथ ही इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण उपकरण नहीं लगाने वाले 191 उद्योगों को तत्काल बंद करने को भी कहा है।

श्री यादव ने शनिवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की रोकथाम के उपायों की समीक्षा बैठक में कहा कि अब केवल योजनाएं बनाने के बजाय समयबद्ध तरीके से जमीनी स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय और अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी जरूरी है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि लक्षित 5,480 किमी सड़कों में से 3,221 किमी का पुनर्विकास किया जा चुका है।

उन्होंने सड़कों की सफाई, गड्ढों की मरम्मत और एनसीआर के 233 चिह्नित यातायात जाम वाले स्थानों पर सुधारात्मक कदम उठाने को कहा। दिल्ली की सीमा पर 154 प्रवेश बिंदुओं पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लगाने का काम 31 दिसंबर तक पूरा करने का निर्देश भी दिया।

उन्होंने पुराने प्रदूषणकारी ट्रकों और बसों को बीएस-6, सीएनजी तथा इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने की योजना में तेजी लाने और पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे लगाने को कहा। औद्योगिक इकाइयों में प्रदूषण नियंत्रण मानकों का पालन नहीं होने पर बिजली काटने और उन्हें सील करने जैसी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिये।

श्री यादव ने नगर निकायों को खुले में कचरा डालने और जलाने पर रोक लगाने तथा कचरा प्रसंस्करण की क्षमता बढ़ाने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और निगरानी के जरिये प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया।

पंजाब के तरनतारन में भीषण सड़क हादसा

तीर्थयात्रियों से भरी दो सरकारी बसों की आमने-सामने टक्कर, 4 की मौत और 18 घायल

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



तरनतारन। पंजाब के तरनतारन में राष्ट्रीय राजमार्ग-54 पर शनिवार शाम तीर्थयात्रियों से भरी दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में तीन श्रद्धालुओं सहित चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब पंजाब सरकार द्वारा संचालित दो तीर्थ यात्रा बसें नौशेहरा पन्नूआं के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर आपस में टकरा गईं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हादसे में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया है।

तरनतारन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुरेंद्र लांबा ने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम तीन तीर्थयात्रियों और मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 18 अन्य घायल हो गए। घायलों में से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा तब हुआ जब एक बस का चालक मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में सड़क के डिवाइडर को पार कर गया और बस विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बस से टकरा गयी।

तरनतारन सिविल अस्पताल के एक चिकित्सक ने बताया कि अस्पताल में कुल 22 लोगों को लाया गया था, जिनमें से चार की मौत हो चुकी थी। एक बस फरीदकोट से अमृतसर जा रही थी जबकि दूसरी बस अमृतसर से मुक्तसर की ओर जा रही थी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कई यात्री घायल हो गए और कुछ मलबे के भीतर ही फंस गए। हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय निवासी तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू करते हुए क्षतिग्रस्त बसों के अंदर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

मुख्यमंत्री मान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें नौशेहरा पन्नूआं के पास तीर्थयात्रियों की बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने की बेहद दुखद खबर मिली है। उन्होंने कहा, ''मुझे यह जानकर दुख हुआ है कि इस दर्दनाक हादसे में चार लोगों की जान चली गई।'' मान ने कहा कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं तथा अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि घायलों को बिना किसी देरी के सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित किया जाए।

धुंध भी नहीं रोक सकी सीएम योगी का संकल्प, सड़क मार्ग से गढ़ गंगा पहुंचे मुख्यमंत्री

गंगा आरती कर मां गंगा से की प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना, मुढ़ा कारीगरों से किया संवाद

हरेन्द्र शर्मा





हापुड़ (वेलकम इंडिया)। खराब मौसम और घनी धुंध भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ गंगा पहुंचने के संकल्प को नहीं रोक सकी। हेलीकॉप्टर से यात्रा संभव नहीं होने के बावजूद मुख्यमंत्री ने अपना कार्यक्रम निरस्त नहीं किया और सड़क मार्ग से कार द्वारा गढ़मुक्तेश्वर स्थित गढ़ कार्तिक मेले में पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क रहा। मेला स्थल पर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इन प्रदर्शनियों में हापुड़ की कला, संस्कृति, पारंपरिक उद्योग और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया था। इस दौरान उन्होंने हापुड़ के पारंपरिक मुढ़ा उद्योग के स्टॉल पर विशेष रुचि दिखाई और कारीगरों से सीधे संवाद किया। उन्होंने मुढ़ा बनाने की प्रक्रिया, लागत, मेहनत और बाजार में इसकी मांग के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

कारीगरों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुढ़ा उद्योग हापुड़ की पारंपरिक पहचान है और इससे हजारों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री ने इस उद्योग की संभावनाओं को समझते हुए अधिकारियों को इसे प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की असली ताकत है। सरकार कारीगरों के साथ खड़ी है और उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव सहयोग करेगी।

प्रदर्शनियों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गंगा घाट पहुंचे, जहां संतों और श्रद्धालुओं ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने पूरे विधि-विधान से मां गंगा की आरती की और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। आरती के दौरान घाट पर दीपों की रोशनी और मंत्रोच्चारण से भक्तिमय वातावरण बन गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर गढ़ कार्तिक मेले की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी कलानिधि नैथानी, जिलाधिकारी कविता मीना, पुलिस अधीक्षक मधु बन सिंह और मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राजनीतिक प्रतिनिधियों में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नवाब सिंह नागर, गढ़-अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधुरे, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया, हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढ़ती, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, पूर्व विधायक कमल मलिक और गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश बजरंगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने घाटों की व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा शिविर और साफ-सफाई की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। घाटों पर पर्याप्त संख्या में गोताखोरों, नावों और पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़ कार्तिक मेला आस्था का बड़ा केंद्र है, जहां लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मेले को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और निर्धारित समय से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर मेरठ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के दौरे से गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। विशेष रूप से मुढ़ा कारीगरों में मुख्यमंत्री द्वारा उनके पारंपरिक उद्योग में दिखाई गई रुचि और उसे प्रोत्साहन देने के आश्वासन से खुशी देखने को मिली।

संपादक की कलम

मानवीय जीवन में दृढ़ इच्छा शक्ति सफलता की चाबी



ललित शर्मा
संपादक

सृष्टि रचनाकर्ता ने मानवीय जीव के रूप में बहुत ही खूबसूरत रचना कर उसमें अनेक गुण दोषों का संयोजन उसने कर दिया है और उनका चुनाव करने के लिए श्रेष्ठ बुद्धि कौशलता रुपी एक सशक्त अस्त्र भी दिया है, बस!अब अपने जीवन चक्र को सफलताओं या असफलताओं की ओर ले जाना मानवीय१ जीव के हाथ में है।माननीय जीवन ने गुणों के उनके गुणों में से एक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण गुण है जो सफलता की चाबी भी है,परंतु न जाने क्यों हम इसको अनदेखा कर देते हैं और हम असफल हो जाते हैं और उसका दोष किस्मत या सृष्टि रचनाकर्ता को देते हैं जबकि उसनें मनुष्य जीव में गुणों का अंबार भरा है, बस!जरूरत है हमें अपने बुद्धि कौशलता से उसे पहचान कर प्रयोग करने की,तो सफलता आकर हमारे कदम चूमेगी। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि दृढ़ इच्छाशक्ति यह सफलताओं की चाबी है।मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी हो जाती है, क्योंकि प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है जिसके बल पर हम बड़ी से बड़ी पहाड़ तुल्य समस्याओं से भी यूं मुकाबला कर फतह हासिल कर सकते हैं। साथियों हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही आपको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति की परिभाषा की करें तो, इच्छाशक्ति वह वृत्ति चक्र है जिसके अंतर्गत प्रत्यय, अनुभूति इच्छा, गति या प्रवृत्ति, शरीर धर्म सबका योग रहता है। जो संकल्प को साकार करने का माध्यम बनती है वह इच्छाशक्ति कहलाती है। ऐसी बलवती इच्छा को जिसकी ज्योति अहर्निश कभी मंद न हो, उसे दृढ़ इच्छाशक्ति कहते हैं। हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही हमको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है। साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति के टाइमिंग की करें तो, जीवन में किसी भी चीज को पाने के लिए मेहनत से पहले मजबूत इच्छाशक्ति का होना बेहद जरूरी है। जैसे, कई बार ऐसा होता है कि व्यक्ति शुरूआत में किसी चीज को पाना चाहता है लेकिन धीरे-धीरे उसका हौंसला टूटने लगता है या उसका मन बदल जाता है, ऐसा कमजोर इच्छाशक्ति के कारण होता है इसलिए किसी भी चीज को पाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं, ऐसी बातें जिनपर अमल करके हमारी इच्छाशक्ति मजबूत होगी। साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति को मजबूत करने की करें तो, अपने काम पर दृढ रहें, अपनी इच्छा शक्ति को बहुत ज्यादा मजबूत बनाने के लिए यह भी एक बहुत ही अच्छा तरीका है कि हम अपने काम पर बहुत जबरदस्त तरीके से फोकस करें। यानें हम अपने काम पर दृढ़ रहें। कोई कुछ भी कहे अगर हमने यह मन बना लिया है कि हमको ये काम करना है तो हमको ये काम करना ही करना है। हमको किसी और बातों पर ध्यान नहीं देना है। अगर हम अपने काम पर दृढ रहेंगे तो हमारा दिमाग यह बात समझ लेगा कि यह चीज हमारे जीवन में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है इसलिए हम इस काम को बहुत ही दिल से मन लगा कर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर कर रहे हैं।

बहका बहका है संसार



उदय कशोर साह

कविता

बहक गई ये अल्हड़ बयार
बहक गई फिजां की संसार
बहक गये अब गाँव जवार
जीना हो गया जग में दुश्वार

बहक गई राजनीति की चाल
बहक गई सरगम की ये ताल
बहक गई नदियाँ की रवानी
बहक गये युवा वर्ग की जवानी

बहक गये यहाँ आकताब
बहक गई मानव के जज्बात
बहक गई भलमानस की कहानी
बहक गये पाठक की किताब


बहक गई नीति की सवताब
बहक गई मौसम की वो बात
बहक गई नानी की जुवानी
बहक गई रूत प्यार की सुहानी

बहक गये बादल की मिजाज
बहक गये शाषक की सब राज
बहक गयी कोयलिया की बोली
बहक गई शराफत की वो ताज

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

बिरसा मुंडा: क्रांतिकारी, समाज-सुधारक और जन-आस्था के भगवान



ललित गर्ग
लेखक

किसी महापुरुष का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जाता कि उसने अपने समय में कितनी लोकप्रियता अर्जित की, बल्कि इस आधार पर किया जाता है कि उसने अपने समाज की पीड़ा को कितनी गहराई से समझा, अन्याय के विरुद्ध कितनी निर्भीकता से खड़ा हुआ और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसी चेतना छोड़ी। इस कसौटी पर बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास के उन विलक्षण नायकों में दिखाई देते हैं, जिनका जीवन छोटा था, लेकिन संघर्ष विराट। मात्र लगभग 25 वर्ष की आयु में उन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य, जमींदारी शोषण, महाजनी व्यवस्था, सामाजिक कुरीतियों और सांस्कृतिक दासता के विरुद्ध ऐसी चेतना जगाई, जिसने उन्हें केवल आदिवासी नायक नहीं, बल्कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के अग्रणी जननायकों की पंक्ति में खड़ा कर दिया। आदिवासी अस्मिता, स्वतंत्रता-संग्राम, जल-जंगल-जमीन और आध्यात्मिक आस्था के प्रतीक ऊलगुलान यानी बिरसा मुंडा के संघर्ष और स्वतंत्रता की चेतना ने भारत को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्हें धरती आबा और बिरसा भगवान के रूप में पूजा जाता है। उनका संघर्ष केवल अंग्रेजों से मुक्ति का नहीं, अस्मिता, स्वाभिमान और स्वराज का महासंग्राम था

15 नवंबर 1875 को झारखंड के उलिहातु में जन्मे बिरसा मुंडा का जीवन उस भारत की कहानी है, जिसे औपनिवेशिक सत्ता केवल राजस्व और संसाधनों की दृष्टि से देखती थी। आदिवासी के लिए जंगल केवल जंगल नहीं था, जमीन केवल जमीन नहीं थी और नदी केवल पानी का स्रोत नहीं थी। वह उसकी जीवन-पद्धति, संस्कृति, आस्था और अस्तित्व का आधार थी। अंग्रेजी शासन और उससे जुड़ी जमींदारी-महाजनी व्यवस्था ने जब इस जीवन-दर्शन को चुनौती दी, तब बिरसा के भीतर विद्रोह जन्मा। यहीं बिरसा मुंडा के संघर्ष को देखने का एक नया दृष्टिकोण सामने आता है। उनका आंदोलन केवल अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने का राजनीतिक आंदोलन नहीं था। वह उससे कहीं अधिक व्यापक था। वह पूछ रहा था-किसका जंगल? किसकी जमीन? किसका शासन? किसकी संस्कृति? और किसके अधिकार? यही प्रश्न आगे चलकर उनके प्रसिद्ध ह्यऊलगुलानह्ल, अर्थात महान जनविद्रोह, की आत्मा बने।

बिरसा ने महसूस किया कि किसी समाज को केवल बाहरी सत्ता नहीं गुलाम बनाती, उसके भीतर की कमजोरियां भी उसे कमजोर करती हैं। इसलिए उन्होंने तलवार से पहले चरित्र और चेतना को अपना हथियार बनाया। उन्होंने आदिवासी समाज में फैली अंधविश्वासपूर्ण प्रवृत्तियों, नशे, सामाजिक बुराइयों और रूढ़ियों के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने लोगों



FILE PHOTO

को अपने धर्म, संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक किया। हिंसा और नशे से दूर रहने, नैतिक जीवन जीने और सामूहिक एकता बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अर्थ में बिरसा केवल क्रांतिकारी नहीं थे, वे समाज के भीतर से समाज को बदलने वाले सुधारक भी थे। उन्होंने समझ लिया था कि जिस समाज के भीतर आत्मविश्वास मर जाता है, वह बाहरी शोषण का प्रतिरोध लंबे समय तक नहीं कर सकता। इसलिए उन्होंने पहले आदिवासी समाज में आत्मसम्मान जगाया और फिर उसे अंग्रेजी सत्ता के सामने खड़ा किया। उनका संघर्ष किसानों और आदिवासियों के उस अधिकार के लिए था जिसे औपनिवेशिक व्यवस्था ने धीरे-धीरे छीन लिया था। महाजन कर्ज देते और बदले में जमीन पर कब्जा कर लेते। जमींदारी व्यवस्था शोषण को संस्थागत रूप देती। अंग्रेजी कानून आदिवासी जीवन-पद्धति के अनुकूल नहीं थे। बिरसा ने इस पूरी व्यवस्था को चुनौती दी। उनके लिए स्वराज का अर्थ केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था; स्वराज का अर्थ था अपनी जमीन पर अपना अधिकार, अपनी संस्कृति पर अपना अधिकार और अपने जीवन पर अपना निर्णय।

यही कारण है कि बिरसा का ह्यऊलगुलानह्ल इतिहास में एक असाधारण घटना बन गया। 1895 से 1900 के बीच उनका प्रभाव तेजी से बढ़ा। अंग्रेजी शासन ने उनके आंदोलन को अपने लिए गंभीर खतरे के रूप में देखा। गिरफ्तारियां हुईं, दमन हुआ, गोलियां चलीं, लेकिन आंदोलन की चेतना को कैद नहीं किया जा सका। जनवरी 1900 में डोमबाड़ी पहाड़ी की घटना ने संघर्ष को और उग्र रूप दिया। अंततः बिरसा मुंडा 3 फरवरी 1900 को गिरफ्तार हुए और 9 जून 1900 को रांची जेल में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु ने उनके शरीर को समाप्त किया, लेकिन बिरसा को इतिहास से मिटाने की अंग्रेजों की कोशिश विफल हो गई। लोकगीतों, कथाओं, स्मृतियों और आदिवासी चेतना में वे जीवित रहे। यही किसी महापुरुष की वास्तविक विजय होती है-जब व्यक्ति चला जाता है, लेकिन उसका विचार समाज की सामूहिक चेतना बन जाता है। और यहीं बिरसा मुंडा के व्यक्तित्व का सबसे अद्भुत पक्ष सामने आता है- वे आदिवासी समाज के लिए केवल नायक नहीं रहे, ह्यभगवानह्ल बन गए। झारखंड और आसपास के क्षेत्रों में उन्हें श्रद्धा से ह्यबिरसा भगवानह्ल और ह्यधरती आबाह्ल कहा जाता है। यह केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है। इसके पीछे उस समाज की गहरी कृतज्ञता है, जिसने बिरसा में अपने अस्तित्व की रक्षा करने वाले मसीहा को देखा। जिस व्यक्ति ने उनकी धरती, संस्कृति, सम्मान और अधिकार के लिए अपना जीवन न्योछावर किया, वह उनके लिए देवतुल्य हो गया।

आज बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय स्मृति में जिस व्यापकता से प्रतिष्ठा मिली है, उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री मोदी ने बिरसा को केवल आदिवासी समुदाय के नायक के रूप में नहीं, बल्कि पूरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय अस्मिता के नायक के रूप में जन-जन तक पहुंचाया। 2021 में 15 नवंबर को ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्ल के रूप में मनाने की घोषणा इसी राष्ट्रीय पुनर्स्मरण का महत्वपूर्ण पड़ाव बनी। 2024 से 2025 तक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में जनजातीय गौरव वर्ष के कार्यक्रम हुए। 2024 में प्रधानमंत्री ने बिहार के जमुई में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया तथा जनजातीय क्षेत्रों के विकास से जुड़े अनेक कार्यक्रमों की शुरूआत की। 2025 में उनकी 150वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने गुजरात के डेडियापाड़ा में फिर बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय श्रद्धांजलि दी और कहा कि भारत की स्वतंत्रता, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा में जनजातीय समाज अग्रिम पंक्ति में रहा है। च्तमे प्दवितउंजपवद ठनतमंन

मोदी द्वारा बिरसा मुंडा को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाने का महत्व केवल इतना नहीं कि एक महान आदिवासी नायक को उचित सम्मान मिला। इससे भारतीय इतिहास को देखने का दृष्टिकोण भी व्यापक हुआ है। अब स्वतंत्रता संग्राम की कथा केवल दिल्ली, मुंबई, कोलकाता या बड़े राजनीतिक केंद्रों की कथा नहीं रही; उसमें जंगलों, पहाड़ों और आदिवासी अंचलों के उन असंख्य संघर्षों को भी स्थान मिल रहा है, जिन्होंने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी। सरकार ने जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए संग्रहालयों सहित अनेक पहल भी की हैं। बिरसा मुंडा की प्रासंगिकता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि आज विकास और पर्यावरण के प्रश्नों के बीच जल, जंगल और जमीन का सवाल फिर हमारे सामने है। बिरसा हमें याद दिलाते हैं कि विकास का अर्थ किसी समुदाय को उसकी जड़ों से काट देना नहीं हो सकता।

शुद्ध हवा के मोहताज बच्चे और बुजुर्ग



संजीव ठाकुर
लेखक

विशेषज्ञों की मानें तो वर्तमान पर्यावरण प्रदूषण अब केवल एक पारिस्थितिक संकट नहीं, बल्कि कोरोना महामारी या किसी भी अन्य भयंकर बीमारी से कहीं अधिक खतरनाक और दीर्घकालिक अभिशाप बन चुका है। कोरोना वायरस एक सीमित समय के लिए आया था, जिसके खिलाफ अंततः चिकित्सा जगत ने टीके खोज लिए; किंतु यह वायु प्रदूषण तो एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के खून और सांसों में हर पल घुल रहा है।इस जहरीली हवा के सबसे बड़े और बेकसूर शिकार हमारे बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं।

बच्चे भविष्य के वे अंकुर, जिनके फेफड़े अभी से झुलस रहे हैं. ₹यह तो मौत का वह अदृश्य साया है, बुजुर्गों, बच्चों के फेफड़ों तक उतर आया है।₹ एक लेखक, साहित्यकार और समाज के प्रति संवेदनशील प्रहरी के रूप में जब मैं इन महानगरों की गलियों में छोटे-छोटे बच्चों को पीठ पर भारी बस्ते लादे और मुंह पर मास्क चढ़ाए स्कूल जाते देखता हूं, तो भीतर तक सिहर उठता हूं। हम उन्हें कैसी दुनिया सौंप रहे हैं? क्या उनके लिए एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें शुद्ध आक्सीजन के सिलेंडर साथ लेकर चलना पड़ेगा? यह समय केवल आंकड़ों की बाजीगरी या अखबारों में संपादकीय लिखने का नहीं है, बल्कि एकजुट होकर आपातकालीन उपाय करने का है। सरकार और प्रशासन को जी आज देश के महानगरों की सुबह किसी सूर्योदय के साथ नहीं, बल्कि एक भारी, मटमैले और दमघोंटू कोहरे के आवरण के साथ होती है। यह कोहरा ओस की बूंदों का नहीं, बल्कि कारखानों की चिमनियों, वाहनों के अंतहीन काफिलों और पराली के धुएं से उपजे उस विशाक्त रसायन का है, जिसे विज्ञान 'स्मॉग' कहता है। स्थिति यह हो चुकी है कि महानगरों की हवा में पर्यावरण प्रदूषण और जहरीले तत्व इस हद तक समा चुके हैं कि अब घरों की चारदीवारी के भीतर भी शुद्ध आक्सीजन पाना एक लक्जरी बन गया है।

इस गंभीर संकट के बीच सबसे बड़ा और डरावना सवाल यही है कि– इस विशाक्त हवा में हमारे मासूम बच्चे और बुजुर्ग सांस कैसे लें? कुछ दशक पहले तक प्रदूषण को सर्दियों के दिनों की एक मौसमी समस्या या केवल महानगरों का आंशिक दुष्प्रभाव माना जाता था। किंतु आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु और पटना जैसे महानगरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक अक्सर 'गंभीर' या 'अति गंभीर' श्रेणी की लाल रेखाओं को पार कर जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के तय किए गए मानक हवा में सूक्ष्म कणों की



एक सुरक्षित सीमा तय करते हैं। लेकिन आज महानगरों में ये खतरनाक कण तय मानकों से 10 से 15 गुना तक अधिक दर्ज किए जा रहे हैं। प्रदूषण के जहरीले इतने बारीक कण होते हैं कि सांस के जरिए शरीर के भीतर जाकर सीधे फेफड़ों की ग्रंथियों और रक्त वाहिकाओं में समा जाते हैं।हवा में घुले कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे विषैले तत्व इस अदृश्य जहर को और अधिक घातक बना देते हैं।इस जहरीली हवा के सबसे बड़े और बेकसूर शिकार हमारे बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं।

बच्चों का शरीर और श्वसन तंत्र अभी विकास के दौर से गुजर रहा होता है। उनकी सांस लेने की गति वयस्कों की तुलना में तेज होती है, जिसके कारण वे प्रति किलोग्राम शरीर के वजन के हिसाब से अधिक हवा अंदर लेते हैं। जब वे इस प्रदूषित माहौल में सांस लेते हैं, तो जहरीले कण सीधे उनके कोमल फेफड़ों पर प्रहार करते हैं।महानगरों के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में आज अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, पुरानी खांसी और लगातार जुकाम जैसी समस्याएं आम हो गई हैं।कई बाल रोग विशेषज्ञों का कहना है कि आज महानगरों में पैदा होने वाले नवजात शिशुओं के फेफड़े भी उस शुद्धता के साथ विकसित नहीं हो पा रहे हैं, जैसी प्रकृति ने उन्हें दी थी। उनका बचपन खेल के मैदानों की बजाय नेबुलाइजर और इनहेलर के सहारे कट रहा है।

बुजुर्ग जीवन के संध्याकाल में संघर्ष करती सांसें,दूसरी ओर, हमारे बुजुर्ग, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाज और परिवार को सींचने में बिता दी, आज अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर सबसे बुनियादी जरूरत– यानी 'एक सांस शुद्ध हवा'–के लिए मोहताज हैं। उम्र बढ़ने के साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता और फेफड़ों की कार्यक्षमता कम होने लगती है।हृदय रोग , उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित बुजुर्गों के लिए यह प्रदूषित हवा 'साइलेंट किलर' का काम करती है। थोड़ी सी भी जहरीली हवा उनके ब्लड प्रेशर को असंतुलित कर देती है, जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। पार्क में सुबह की सैर पर जाने वाले बुजुर्ग आज घरों में कैद रहने को विवश हैं, क्योंकि बाहर निकलना अब सेहत के लिए लाभ नहीं, बल्कि सीधा जोखिम बन चुका है आखिर हम इस स्थिति तक कैसे पहुंचे?

यह सवाल हर संवेदनशील नागरिक के भीतर टीस पैदा करता है। हमने विकास के नाम पर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए, प्रकृति के फेफड़ों यानी जंगलों और हरियाली को काटकर एक्सप्रेसवे बना दिए, और अंधाधुंध उपभोक्ता संस्कृति को अपना लियासड़कों पर दौड़ते लाखों वाहन, निर्माण स्थलों से उड़ती धूल, कचरे के ढेरों में लगाई जाने वाली आग और कारखानों की अनियंत्रित चिमनियां मिलकर इस आबोहवा को किसी गैस चैंबर में तब्दील कर रही हैं। नीतिगत स्तर पर कागजी योजनाएं तो बहुत बनती हैं, लेकिन जब धरातल पर उतरने की बारी आती है, तो राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक अमला केवल सर्दियों के दिनों में कुछ दिनों की पाबंदियां (जैसे ग्रैप नियम) लगाकर अपनी इतिश्री मान लेता है। क्या प्रदूषण केवल ठंड के मौसम में होता है?

क्या गर्मियों और बरसात में हवा जहरीली नहीं होती? यह एक ऐसा गंभीर आत्ममंथन है, जिससे देश के योजनाकारों को भागना बंद करना होगा। सरकार और प्रशासन को जीडीपी की वृद्धि दर के साथ-साथ 'इकोलॉजी और पर्यावरण सूचकांक' को देश की प्रगति का पैमाना बनाना होगा निजी वाहनों पर सख्त नियंत्रण और महानगरों में इलेक्ट्रिक व सार्वजनिक परिवहन को पूरी तरह मुफ्त या बेहद सुलभ करना होगा ताकि सड़कों पर धुएं का जहर कम हो सके।कंक्रीट के जंगलों के बीच सघन शहरी वनों का निर्माण अनिवार्य किया जाए, जो महानगरों के प्राकृतिक फेफड़े बन सके।अत्यधिक प्रदूषण के दिनों में स्कूलों को बंद करने या ऑनलाइन कक्षाओं का विकल्प देने के साथ-साथ बुजुर्गों की घर-घर स्वास्थ्य निगरानी के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। हवा किसी वर्ग, जाति या धर्म की सीमा नहीं मानती–यह राजा और रंक, अमीर और गरीब, सबके फेफड़ों में एक समान उतरती है। यदि आज भी हमने इस विशाक्त पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ सामूहिक चेतना नहीं जगाई, तो आने वाला इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा। बच्चों की खिलखिलाहट और बुजुर्गों का आशीर्वाद ही किसी भी समाज की वास्तविक पूंजी हैं। यदि उनकी सांसें ही इस घुटन भरे जहर में घुट जाएंगी, तो हमारी यह तथाकथित भौतिक प्रगति और विकास के चमकते मीनार महज एक सफेद हाथी के सिवा कुछ नहीं बचेंगे। आइए, वक्त रहते चेतें, प्रकृति के साथ अपनी निर्मम छेड़छाड़ को रोकें, और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए इस खुली हवा में जीने का अधिकार सुरक्षित करें। अन्यथा, वह दिन दूर नहीं जब महानगरों के इतिहास में लिखा जाएगा यहाँ एक हरा भरा शहर बसा था, जो अपनी ही सांसों के बोझ तले दफ़्न हो चला था।₹

मां के स्नेह और हुनर से संवर रहा बेटियों का भविष्य



डॉ विजय गर्ग
लेखक

समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी मिलें। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी अनेक ऐसी बेटियां हैं, जिनमें प्रतिभा, मेहनत और कुछ नया करने का जुनून तो है, लेकिन उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और संसाधनों के अभाव में उनके सपने अधूरे रह जाते हैं। ऐसे में यदि कोई पहल उन्हें हुनर सिखाने और अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करती है, तो वह केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की प्रेरणादायक कहानी बन जाती है।

मावां-धीयां दी हट्टी ऐसी ही एक सार्थक सोच का प्रतीक है, जहां मां के स्नेह, मार्गदर्शन और हुनर के माध्यम से ग्रामीण बेटियों के भविष्य को संवारने का प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बेटियों को केवल किसी काम में दक्ष बनाना नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, स्वावलंबन और अपने जीवन के फैसले स्वयं लेने की क्षमता विकसित करना भी है।

भारत के गांवों में अनेक महिलाएं पारंपरिक कलाओं और घरेलू हुनर में निपुण होती हैं। सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, हस्तकला, डिजाइनिंग और अन्य रचनात्मक कार्यों में उनकी प्रतिभा छिपी होती है। यदि इन कौशलों को व्यवस्थित प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ दिया जाए, तो यही हुनर उनके लिए आजीविका का मजबूत साधन



बन सकता है। इससे वे परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ-साथ अपनी अलग पहचान भी बना सकती हैं। इस प्रकार की पहल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि बेटियों को अपने गांव और परिवार से दूर गए बिना सीखने तथा आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। ग्रामीण परिवारों में कई बार आर्थिक परिस्थितियों या सामाजिक सोच के कारण लड़कियों को बाहर जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव में ही कौशल विकास का केंद्र उपलब्ध होना उनके लिए बड़ी सुविधा बन सकता है।

मां और बेटी का रिश्ता प्रेम, विश्वास और संस्कारों पर आधारित होता है। जब मां अपनी बेटियों को हुनर सिखाने, उनका मार्गदर्शन करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती है, तो यह रिश्ता एक नई सामाजिक शक्ति बन जाता है। ऐसी पहल बेटियों को यह संदेश देती है कि वे केवल परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के लिए नहीं, बल्कि अपने सपनों को पूरा करने और समाज में योगदान देने के लिए भी सक्षम हैं। आज आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है। अपने कौशल के आधार पर छोटा व्यवसाय शुरू करना, घर से काम करना, ऑनलाइन अपने उत्पाद बेचना और दूसरों को रोजगार देना भी आत्मनिर्भरता के महत्वपूर्ण रूप हैं। डिजिटल तकनीक ने ग्रामीण महिलाओं और बेटियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल दिए हैं। यदि उन्हें प्रशिक्षण के साथ डिजिटल मार्केटिंग, वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता का ज्ञान भी दिया जाए, तो उनकी संभावनाएं और बढ़ सकती हैं। सरकार, सामाजिक संस्थाओं और स्थानीय समुदायों को भी ऐसी पहलों को प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रशिक्षण के बाद उत्पादों की बिक्री के लिए बाजार उपलब्ध कराना, उचित मूल्य दिलाना और सफल महिलाओं को दूसरों के लिए प्रेरणा बनाना आवश्यक है। केवल हुनर सिखाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उस हुनर को सम्मानजनक आमदनी में बदलने के अवसर भी उपलब्ध कराने चाहिए। वास्तव में, मावां-धीयां दी हट्टी जैसी पहलें ग्रामीण समाज में सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद जगाती हैं। यहां हुनर के साथ आत्मविश्वास, प्रशिक्षण के साथ स्वाभिमान और रोजगार के साथ सम्मान की भावना विकसित करने की संभावना है। जब बेटियों के हाथों में हुनर, आंखों में सपने और मन में आत्मविश्वास होता है, तो उनके भविष्य को कोई सीमा नहीं रोक सकती। मां का स्नेह यदि हुनर और सही मार्गदर्शन से जुड़ जाए, तो बेटियां न केवल अपना भविष्य संवारती हैं, बल्कि पूरे समाज की तस्वीर बदलने की ताकत भी रखती हैं।

गढ़-तिगरी मेले को जोड़ने के लिए बन रहा पीपे का पुल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया तैयारियों का जायजा

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री योगी

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

हापुड़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गढ़मुक्तेश्वर के खादर क्षेत्र में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सदर बाजार, गंगा घाट और विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर और अमरोहा के तिगरी गंगा मेले को आपस में जोड़ने की पहल की गई है। गंगा नदी पर बनाया जा रहा पीपे का पुल दोनों मेलों के श्रद्धालुओं के लिए आवागमन को आसान बनाएगा। उन्होंने मेले को लोकल फॉर वोकल की भावना के अनुरूप आयोजित करने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह करीब 11:45 बजे गढ़मुक्तेश्वर के मेला स्थल पहुंचे। उनका हेलीकॉप्टर से आने का कार्यक्रम था, लेकिन धुंध के कारण उड़ान संभव नहीं हो सकी। इसके बाद वह गाजियाबाद से सड़क मार्ग के जरिए गढ़मुक्तेश्वर पहुंचे। यहां प्रभारी मंत्री केपी मलिक, अमरोहा सांसद कंवर सिंह तंवर, स्थानीय विधायकों, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे, मेरठ मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी, एडीजी भानु भास्कर, जिला पंचायत प्रशासक रेखा नागर और जिलाधिकारी कविता मीना सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र के सदर बाजार का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों से बातचीत की और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गढ़ गंगा मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक, पौराणिक और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मेले में स्थानीय कारीगरों, व्यापारियों और छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन किया और स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चों में खासा उत्साह दिखाई दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़ और तिगरी गंगा मेले को जोड़ने की पूर्व में की गई घोषणा को धरातल पर उतारने की दिशा में काम चल रहा है। गंगा नदी पर करीब 200 मीटर लंबे पीपे के पुल का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए लगभग 40 पीपों की व्यवस्था की गई है। पुल को 20 नवंबर तक तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तैयार होने से हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर और अमरोहा के तिगरी मेले में आने वाले श्रद्धालु गंगा के दोनों तटों के बीच आसानी से आवागमन कर सकेंगे। इससे श्रद्धालुओं को लंबा रास्ता तय नहीं करना पड़ेगा और दोनों मेलों की धार्मिक एवं सांस्कृतिक भव्यता को भी विस्तार मिलेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्री केपी मलिक, सांसद कंवर सिंह तंवर और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मां गंगा का विधि-विधान से पूजन किया तथा गंगा आरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। गंगा पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने हापुड़ और अमरोहा जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का यह ऐतिहासिक गंगा मेला कुंभ की तर्ज पर श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक बनना चाहिए। इस वर्ष 17 से 26 नवंबर तक आयोजित होने वाले गढ़मुक्तेश्वर और तिगरी गंगा मेले में लगभग 25 से 30 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। 23 नवंबर को दीपदान और 24 नवंबर को मुख्य कार्तिक पूर्णिमा स्नान होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। घाटों पर पर्याप्त सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, साफ-सफाई और सुगम यातायात की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने महिला श्रद्धालुओं और बेटियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों को निगरानी के लिए लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मेले में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, अव्यवस्था या अप्रिय घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से समय रहते अपनी तैयारियां पूरी करें। मुख्यमंत्री ने मेले में स्वच्छता बनाए रखने और एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर रोक लगाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मेले में आने वाले लोगों के ठहरने, खानपान, स्नान और आवागमन की व्यवस्थाएं बेहतर रखी जाएं। उल्लेखनीय है कि गढ़मुक्तेश्वर का प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेला 17 नवंबर से 26 नवंबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

गढ़ गंगा मेले की सुरक्षा पर एसपी मधुबन कुमार की पैनी नजर, कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

सीसीटीवी कैमरों से परखी सुरक्षा व्यवस्था, पुलिसकर्मियों को सतर्कता और प्रभावी निगरानी के दिए निर्देश

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर में आयोजित ऐतिहासिक गढ़ गंगा कार्तिक मेले को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मेले में लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक हापुड़ मधुबन कुमार ने मेला क्षेत्र में स्थापित पुलिस कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कंट्रोल रूम में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों की निगरानी व्यवस्था को परखा। उन्होंने कैमरों की कार्यप्रणाली और उनके जरिए की जा रही निगरानी की जानकारी ली। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मेले के प्रत्येक महत्वपूर्ण स्थान पर लगातार



नजर रखी जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिलते ही तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। एसपी मधुबन कुमार ने कहा कि गढ़ गंगा मेला धार्मिक आस्था का बड़ा केंद्र है, जहां दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से घाटों, प्रमुख मार्गों, बाजारों, प्रवेश एवं निकास मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, संदिग्ध व्यक्ति या आपात स्थिति की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई जाए, ताकि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जा सकें। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं के साथ सहयोगात्मक व्यवहार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो और सभी लोग सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में गंगा स्नान कर सकें। एसपी के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन की ओर से मेले के दौरान लगातार निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। मेले में सुरक्षा के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख स्थानों पर निगरानी और नियमित गश्त की व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों का प्रयास है कि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के गंगा स्नान कर सकें और मेला शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

डॉ. नीरज त्रिपाठी लगातार तीसरी बार बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया

प्रतापगढ़। कांग्रेस संगठन ने डॉ. नीरज त्रिपाठी एडवोकेट पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ का जिलाध्यक्ष बनाया है। उनके पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर 248 सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नगर पंचायत लालगंज की अध्यक्ष अनीता संतोष द्विवेदी की ओर से मीडिया प्रभारी शास्त्री सौरभ त्रिपाठी ने बधाई संदेश जारी करते हुए कहा कि डॉ. नीरज त्रिपाठी को लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलना उनके प्रति संगठन के विश्वास, लंबे राजनीतिक अनुभव, समर्पण और निरंतर सक्रियता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि डॉ. त्रिपाठी की संगठन के प्रति निष्ठा, कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय



जुड़ाव और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता निश्चित रूप से कांग्रेस संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगी। शास्त्री सौरभ त्रिपाठी ने उम्मीद जताई कि उनके कुशल नेतृत्व में प्रतापगढ़ में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं के बीच आपसी समन्वय एवं एकजुटता बढ़ेगी और पार्टी जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने डॉ. नीरज त्रिपाठी के आगामी कार्यकाल के सफल, गौरवपूर्ण और उपलब्धियों से परिपूर्ण होने की कामना करते हुए पुनः बधाई दी।

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को बाबूगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

हापुड़। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान रितिक पुत्र अशोक निवासी ग्राम रामपुरा, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। आरोपी को थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के कनिया कल्याणपुर वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बाबूगढ़ में मु0अ0सं0 359/26 के तहत धारा 65(1), 351(3) बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस



टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन कुमार गौतम एवं कांस्टेबल विकास तोमर शामिल रहे। जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ऐसे मामलों में शिकायत मिलने पर जांच और आवश्यक कार्रवाई करती है। नाबालिगों से जुड़े मामलों में पीड़ित की पहचान गोपनीय रखना भी कानून के तहत अनिवार्य है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए थाना स्तर पर निगरानी और कार्रवाई जारी है। आमजन से भी अपील की जाती है कि किसी संदिग्ध गतिविधि या अपराध की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। समय पर सूचना मिलने से पुलिस को आवश्यक कदम उठाने और पीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलती है।

राकेश त्यागी के दोबारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया जश्न





वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

हापुड़। राकेश त्यागी को पुनः कांग्रेस जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जनपद हापुड़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। शनिवार को बुलंदशहर रोड स्थित सोना पेट्रोल पंप पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं और ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राकेश त्यागी को फूल-मालाएं पहनाईं और फूलों की वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। खुशी में पटाखे फोड़े गए और मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिंदाबाद और राकेश त्यागी जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंज उठा।कार्यकर्ताओं ने कहा कि राकेश त्यागी के नेतृत्व में जनपद में कांग्रेस संगठन को और मजबूती मिलेगी। उनके अनुभव, सरल स्वभाव और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें दोबारा जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे तथा कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।इसके उपरांत जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने शहर में स्थापित विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।ये रहे मौजूदः पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी पंडित अरविंद शर्मा, पिलखुवा नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, पूर्व नगर अध्यक्ष मदन सिंह चौहान, रामप्रसाद जाटव, मोहम्मद नफीस, सुखपाल गौतम, मुसुम्रलता, सविता गौतम, हाजी नौशाद, एडवोकेट रघुवीर सिंह, एडवोकेट शहजादा चौधरी, लाल बहादुर, एडवोकेट फुरकान, मोहम्मद सैफी, अजीत शर्मा, सरफराज मलिक, आमिर मलिक, आदेश शर्मा, सुधीर शर्मा, साहिल सैफी, मोहम्मद परवेज, जयपाल सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष त्यागी, योगेश शर्मा, मूलचंद सक्सेना, जिला महासचिव एवं मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, प्रवीण शर्मा, कपिल शर्मा, सुशांत सिंह, शादाब सैफी, मुरसलीन चौधरी, आईसी शर्मा, डालचंद सिंह, पदम सिंह साहनी, तुषार शास्त्री, सौरभ शर्मा, पाषाण कौशिक सहित नफीस खान, मोहम्मद शादाब खान, लाल बहादुर, शोएब खान, आमिर खान, फरहान खान, अलमाज खान, विक्की गौतम और जय कुमार सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं सेवादल के पदाधिकारी तथा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जमीन बेचने के नाम पर 2.70 लाख रुपये ठगने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया संवाददाता

हापुड़। थाना क्षेत्र के गांव वैठ में जमीन बेचने के नाम पर 2.70 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव वैठ निवासी मोहम्मद शाहनवाज के अनुसार ताहिर, आरिफ और उनकी मां मुसरेकीन के नाम पर गांव के जंगल में खेती की भूमि है। पीड़ित का आरोप है कि ताहिर ने विवादमुक्त जमीन बताकर 15.50 लाख रुपये में सौदा तय किया था। सौदा तय होने के बाद उन्होंने अलग-अलग तारीखों में बैंक और यूपीआई के माध्यम से कुल 2.70 लाख रुपये अग्रिम धनराशि के तौर पर दिए। आरोप है कि अक्तूबर माह तक बैनामा कराने का आश्वासन दिया गया था लेकिन जानकारी करने पर पता चला कि संबंधित भूमि का मई 2025 में ही अन्य लोगों के पक्ष में रजिस्टर्ड इकरारनामा किया जा चुका था। बैनामा कराने और रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने कथित तौर पर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने एसपी से भी शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय में वाद दायर किया। सीओ राहुल यादव का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करा दी है। जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी। मामले में पुलिस के सामने अब जमीन के स्वामित्व, पूर्व में हुए पंजीकृत इकरारनामे और पीड़ित द्वारा दी गई अग्रिम धनराशि से जुड़े तथ्यों की जांच महत्वपूर्ण होगी। बैंक खातों और यूपीआई के माध्यम से किए गए भुगतान का विवरण भी जांच में अहम साक्ष्य बन सकता है। पुलिस यह पता लगाएगी कि जमीन का सौदा किन शर्तों पर तय हुआ था और भुगतान किसे किया गया।

मुख्यमंत्री योगी की सभा में नगर पालिका चेयरमैन पुष्पा देवी को नहीं मिली एंट्री

वेलकम इंडिया/राजेंद्र सिंह

हापुड़। गढ़ गंगा कार्तिक मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन के दौरान एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चचाओं को जन्म दे दिया। हापुड़ नगर पालिका परिषद की चेयरमैन पुष्पा देवी को मुख्यमंत्री की सभा में प्रवेश नहीं मिल सका। नगर पालिका चेयरमैन होने के बावजूद उन्हें सभा स्थल के बाहर ही इंतजार करना पड़ा। बताया गया कि पुष्पा देवी अंदर जाने के लिए वहां मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं से लगातार गुहार लगाती रहीं, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं मिल पाया। इस दौरान उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सवाल किया मैं भी भाजपा की कार्यकर्ता हूं, फिर मुझे अंदर क्यों नहीं जाने दिया जा रहा? नगर पालिका



चेयरमैन पुष्पा देवी ने आरोप लगाया कि उन्हें मुख्यमंत्री की सभा में जाने से रोका गया। उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा की कार्यकर्ता होने और नगर पालिका चेयरमैन होने के बावजूद उन्हें सभा में प्रवेश नहीं दिया गया।इस घटनाक्रम के बाद मौके पर मौजूद लोगों के बीच भी चर्चा शुरू हो गई। मुख्यमंत्री की सभा में भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे, लेकिन नगर पालिका की निर्वाचित अध्यक्ष को प्रवेश नहीं मिलना चर्चा का विषय बन गया।आखिर नगर पालिका अध्यक्ष चैयरमैन पुष्पा देवी को सभा में प्रवेश क्यों नहीं दिया गया और उन्हें किसके निर्देश पर बाहर रोका गया, इसे लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं।

बागेश्वर धाम सरकार की कथा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट



विजय द्विवेदी/वेलकम इंडिया

प्रतापगढ़। कुन्डा।बेंती में आगामी श्री बागेश्वर धाम सरकार के धार्मिक कथा कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार, 14 नवंबर को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर ने क्षेत्राधिकारी कुण्डा शिव नारायण वैश्य के साथ कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अब तक की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

एसपी दीपक भूकर ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए हैलीपैड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान हैलीपैड की सुरक्षा और उससे जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि धार्मिक कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी तैयारियां कार्यक्रम से पहले पूरी कर ली जाएं। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए, ताकि धार्मिक कथा कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

चमोली जनपद के गौचर में 74वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले का शुभारंभ

उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान है गौचर मेला: सीएम धामी

वेलकम इंडिया/ओ पी उनियाल







देहरादून/चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जनपद के गौचर में 74वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले का विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। सात दिवसीय मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। गौचर पहुंचने पर मुख्यमंत्री का बैंड की मधुर धुनों, पुष्पमालाओं एवं पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम मेले के संस्थापक स्वर्गीय गोविन्द प्रसाद नौटियाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालयों की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में लोक संस्कृति के विविध रंग बिखेरे। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने मुख्यमंत्री को गौचर मेले का शुभंकर भेंट कर उनका स्वागत किया। मेले का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गौचर मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध व्यापारिक परंपरा और विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान का जीवंत प्रतीक है। वर्ष 1943 में स्थानीय व्यापारियों, समाजसेवियों और तत्कालीन प्रशासन के सहयोग से भोटिया व्यापार मेले के रूप में इसकी शुरूआत हुई थी। उस समय गौचर भारत-तिब्बत व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र था, जहां ऊन, पश्मीना, जड़ी-बूटियों सहित विभिन्न स्थानीय उत्पादों का व्यापार होता था। समय के साथ इस मेले ने अपने स्वरूप का विस्तार किया और आज यह औद्योगिक एवं सांस्कृतिक मेले के रूप में प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौचर मेला स्थानीय व्यापारियों, कारीगरों, छोटे उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराता है। यह मेला प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संकल्प को धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम है। मेले हमारी लोक संस्कृति, लोक कला और पारंपरिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही समाज को आपस में जोड़ने का कार्य करते हैं। पीढ़ियों से चली आ रही इन परंपराओं को सहेजना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का साझा दायित्व है। मुख्यमंत्री ने चमोली जनपद की महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भगवान बद्री विशाल की तपस्थली, मां नंदा का मायका और विश्वविख्यात चिपको आंदोलन की जन्मभूमि है। यहां की वीर भूमि ने देश की सीमाओं की रक्षा के लिए अनेक वीर सपूत दिए हैं, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सीमांत गांवों को देश के अंतिम गांव के बजाय प्रथम गांव के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। सीमांत क्षेत्रों का विकास, वहां आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि युवाओं को अपने ही गांव और क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर मिले।

उच्च प्राथमिक स्कूल भरनाकला मे मनाया बालदिवस



वेलकम इंडिय संवाददाता

मथुरा। तहसील गोवर्धन के अंतर्गत आने वाले विकास खंड चौमुहाँ के गांव भरनाकला स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल मे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन बड़े धूम धाम के साथ मनाया गया ! सर्व प्रथम पंडित नेहरू के छाया चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण करते हुए उनका जन्मदिन बाल दिवस के रूप बच्चो एवं अध्यापको के साथ बड़े हर्षोल्लास के मनाया गया, स्कूल के प्रधानाध्यापक पी वी जोशी ने नेहरू जी के जीवन के बारे मे विस्तार से उपस्थित बच्चो को जानकारी दी गयी, प्रताप सिंह एवं जितेंद्र कुमार सिंह ने बाल दिवस के उपलक्ष्य मे बच्चो द्वारा बनाई गई खाने पीने की वस्तुओ की स्टाल लगवाई गयी और ऐसे ही भविष्य कार्य करते रहने की सराहना की गयी इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पी वी जोशी, प्रताप सिंह,जितेंद्र कुमार सिंह, मुकेश बाबू, कृष्ण मुरारी, धर्मेंद्र सिंह, शीला शर्मा, हितेश, हिमेश, सौरभ, दिव्या, ज्योति, आदि मौजूद रहे।

एसआर एकेडमी में आयोजित बाल मेले में ज्ञान, पकवान और विज्ञान की दिखी धूम

नौनिहालों द्वारा मेले में लगाए गए स्टाल उनकी उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता के हैं परिचायक : पूर्व विधायक

वेलकम इंडिय संवाददाता



संतकबीरनगर। एसआर इंटरनेशनल एकेडमी नाथनगर के परिसर में शनिवार को बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी मे बच्चों की खिलखिलाहट, उत्साह और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर रहा। मेले में कहीं नन्हे दुकानदार अपनी दुकानों पर ग्राहकों को आवाज लगाते नजर आए तो कहीं बच्चे अपनी पसंदीदा वस्तुओं की खरीदारी में मशगूल रहे। विभिन्न व्यंजनों की खुशबू और बच्चों के उत्साह ने पूरे परिसर को उत्सव के माहौल में बदल दिया। हैप्पी चिल्ड्रेन डे की गूंज के बीच बच्चों ने अपनी प्रतिभा और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन किया तथा एकेडमी के संस्थापक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विद्यालय परिवार की ओर से बुके भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया गया। बाल मेले में बच्चों ने अलग-अलग आकर्षक दुकानें सजाई थीं। किसी ने लजीज व्यंजनों का स्टॉल लगाया तो किसी ने विभिन्न प्रांतों के मशहूर पकवानों को परोसा। इसके अलावा आर्टिफिशियल ज्वेलरी सहित अन्य आकर्षक वस्तुओं की दुकानें भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहीं। अतिथियों और अभिभावकों ने विभिन्न स्टॉलों पर पहुंचकर व्यंजनों का स्वाद चखा और बच्चों की दुकानों से जमकर खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की बौद्धिक क्षमता, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रतिभा की झलक देखने को मिली। विद्यार्थियों ने अपनी समझ और कल्पनाशीलता के आधार पर आकर्षक वैज्ञानिक मॉडल तैयार किए थे। अतिथियों ने प्रत्येक मॉडल का बारीकी से अवलोकन किया और बच्चों से उसकी कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने भी पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने मॉडल की विशेषताओं को समझाया। मुख्य अतिथि जय चौबे ने कहा कि बाल मेले और विज्ञान प्रदर्शनी जैसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास, स्वावलंबन, व्यवहार कुशलता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है। एकेडमी के एमडी राकेश चौबे ने कहा कि विद्यालय का प्रयास बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान, रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता का अवसर प्रदान करना है। बाल मेला बच्चों को स्वयं जिम्मेदारी लेकर काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देता है। डिप्टी डायरेक्टर मनोज पाण्डेय एवं वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी रुचि और क्षमता पहचानने का अवसर मिलता है। विज्ञान प्रदर्शनी उनके अंदर जिज्ञासा, नवाचार और प्रयोग करने की भावना को मजबूत करती है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक हरिश्चंद्र यादव ने किया। इस मौके पर युवराज रजत चतुर्वेदी, अजय मिश्रा, माया राम पाठक, डॉ. डीडी सिंह, रत्नेश मिश्र, कृष्णा मणि, सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

एसडीएम न्यायिक महावन अखिलेश कुमार ने लिया ईओ बलदेव का चार्ज



मथुरा/बलदेव (वेलकम इंडिया)। नगर पंचायत बलदेव में उप जिलाधिकारी न्यायिक महावन अखिलेश कुमार ने शुक्रवार को ईओ का चार्ज संभाल लिया। चार्ज संभालते ही एसडीएम ने कार्यालय का निरीक्षण लिया। उन्होंने कार्यालय परिसर व अभिलेखों की जांच की। उन्होंने कहा कि बलदेव एक धार्मिक नगरी है यहां का चहुमुंखी विकास हो इसके लिए प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि कोई भी काम बिना शासनादेश और नियमों के विरुद्ध न हो इसका विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ.मुरारी लाल अग्रवाल,सुनील पाण्डेय,मनीष शर्मा, गोकुलेश पांडेय, कृष्णा पांडेय, रमेश कुमार, श्याम सुंदर पांडेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय आचार्य मनीष गगार्चार्य व सुजीत वर्मा ने उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार का स्वागत सम्मान किया। इसके बाद उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार ने दाऊजी महाराज व माता रेवती जी के दर्शन किए जहां सेवायत गोस्वामी पुष्पेंद्र पांडेय,गंगा पुजारी,भानु शर्मा ,श्री भगवान पांडेय आदि ने उनको ठाकुर जी का प्रसाद भेंट किया।

बाल दिवस पर अल-हिदायह ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल्स में बाल मेले का किया गया भव्य आयोजन

वेलकम इंडिय संवाददाता



संतकबीरनगर। बाल दिवस के शुभ अवसर पर आज अल-हिदायह ग्रुप ऑफ पब्लिक स्कूल्स, मीरपुर करही, संत कबीर नगर में बाल मेले का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य जनाब तौफीक अहमद साहब ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खान-पान एवं खाद्य पदार्थों के आकर्षक स्टॉल लगाए। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ दुकानदार की भूमिका निभाते हुए अपने-अपने स्टॉल का संचालन किया, जबकि अन्य बच्चों ने ग्राहक बनकर खरीदारी की। मेले में बच्चों की चहल-पहल, उमंग और उत्साह देखते ही बन रहा था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन का अनुभव प्रदान करना तथा उनमें आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, आपसी सहयोग, संवाद कौशल और व्यापारिक समझ विकसित करना था। बच्चों ने इस गतिविधि के माध्यम से खरीद-बिक्री और लेन-देन की बारीकियों को भी समझा। प्रधानाचार्य जनाब तौफीक अहमद साहब ने बच्चों के उत्साह एवं रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि बच्चों को जीवन की व्यावहारिक चुनौतियों के लिए भी तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में बाल मेले में भाग लेने वाले सभी बच्चों के प्रयासों की सराहना की गई। यह आयोजन बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ सीखने और अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर साबित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य अजय कुमार यादव, शफीक अहमद, दीपक गुप्ता, निदा शम्स, सोनी, सुमैया खातून, सुंदुस खान, रहनुमा खातून एवं आयशा सिद्दीका सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एम एन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बाल मेले में बच्चों ने लगाईं आकर्षक दुकानें



संतकबीरनगर (वेलकम इंडिया)। विकास क्षेत्र के सोनौरा गौसी स्थित एमएन पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल दिवस बड़े ही जोशो-खरोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मुख्तलिफ किस्म की दुकानें सजाकर अपनी हुनरमंदी और सलाहियत का मुजाहिरा किया। बाल मेले का आगाज विद्यालय के एमडी शोऐब अहमद नदवी ने फीता काटकर किया। मेले में बच्चों ने खाने-पीने के सामान, खेलकूद और मुख्तलिफ चीजों की दुकानें लगाईं। बच्चों ने खुद दुकानदार बनकर सामान की खरीद-बिक्री की और कारोबार के बुनियादी उसूलों को भी समझा। मेले में बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। इस मौके पर एमडी शोऐब अहमद नदवी ने कहा कि बाल दिवस बच्चों की सलाहियतों को निखारने और उनके अंदर छिपी खूबियों को सामने लाने का एक बेहतरीन मौका है। बच्चों को किताबों की तालीम के साथ अमली तजुर्बे और अपनी सलाहियतों के इजहार के लिए भी मौके मिलने चाहिए। ऐसे प्रोग्राम बच्चों में खुदएतमादी, मेहनत और मिल-जुलकर काम करने का जज्बा पैदा करते हैं। प्रधानाचार्य इसरार अहमद ने कहा कि बच्चे मुल्क और समाज का मुस्तकबिल हैं। उनकी सही तालीम, अच्छी तरबियत और बेहतर किरदारसाजी ही एक कामयाब समाज की बुनियाद है। बाल मेले जैसे प्रोग्राम से बच्चों को सीखने, समझने और अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलता है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य समेत तमाम शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई पंडित नेहरू की जयंती

वेलकम इंडिय संवाददाता



संतकबीरनगर। जिला कांग्रेस कार्यालय पर शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडेय के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बच्चों को मिठाइयां बांटी गईं तथा चॉकलेट, पेंसिल, कटर और कॉपियां वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद्र पांडेय ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आजादी के बाद विषम परिस्थितियों में देश की बुनियाद मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने शिक्षा, उद्योग और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नींव रखी। उनके प्रयासों से भारत ने आधुनिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए और विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे महान व्यक्तित्वों ने देश को मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की विरासत दी। इन संस्थाओं के आधार पर देश की जनता ने लोकतंत्र को मजबूत करने और भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। जिलाध्यक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और स्वतंत्रता बनाए रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में बच्चों के बीच मिठाई और शैक्षिक सामग्री का वितरण किया गया। उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके विचारों और देश के प्रति योगदान को याद किया। इस अवसर पर शांति देवी, सुनील कुमार पांडेय, अरुण पांडेय, अजय सिंह, श्याम बिहारी उर्फ गोलू पासवान, अतीक सिद्दीकी, चंद्र प्रकाश पासवान, अशोक आर्य, राजीव गोंड, गिरजेश मिश्रा, बिट्टू सिंह, गुड्डू उपाध्याय, जय प्रकाश पांडेय, आचार्य जी श्यामलाल, सोनू सिंह, जमशेद अख्तर, दुर्गेश पाठक और सुग्रीव पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पीआरवी 6886 द्वारा पारिवारिक विवाद में घायल 01 महिला को भेजवाया गया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 6886 को थाना दुधारा क्षेत्रांतर्गत दशावा से कालर ने ससुर द्वारा बहु के साथ मारपीट में घायल 01 महिला निशा पत्नी गोपाल चौहान निवासी ग्राम दशावा थाना दुधारा जनपद सन्तकबीरनगर के सम्बन्ध में सूचना दिया, सूचना प्राप्त होते ही पीआरवी कर्मी हे0 का0 अमरेन्द्र कुमार, का अमित कुशवाहा, हो0गा0चा0 सुरजीत कुमार ने त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँचकर मारपीट में घायल महिला को इलाज हेतु 108 एम्बुलेंस की सहायता से सी0एच0सी0 सेमरियावा भेजवाया गया । घटना के सम्बन्ध में थाना दुधारा को अवगत कराया गया। घायल महिला को पीआरवी कर्मियों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी सेमरियावां पहुंचाया, जहां उसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से महिला को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी।

सीएचसी मेंहदावल में इलाज पर सवाल, सामान्य एक्स-रे को बताया फ्रैक्चर !

दूसरे डॉक्टर से जांच कराने पर हड्डी टूटने की बात गलत निकली, बाहर की दवाएं लिखने का भी आरोप

वेलकम इंडिय संवाददाता



संतकबीरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मेंहदावल में मरीजों के इलाज और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों ने चिकित्सकीय जांच में लापरवाही बरतने और सरकारी अस्पताल में दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने के लिए पर्ची लिखने के आरोप लगाए हैं। एक मामले में सामान्य एक्स-रे को फ्रैक्चर बताने का आरोप सामने आने के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। मामला शनिवार दोपहर करीब 12 बजे का है। मेंहदावल कस्बा निवासी एसके कुमार हाथ में हल्के दर्द की शिकायत लेकर सीएचसी पहुंचे थे। उन्होंने वहां तैनात डॉ. राजेश वर्मा से परामर्श लिया। आरोप है कि चिकित्सक ने उन्हें एक्स-रे कराने की सलाह दी। एक्स-रे रिपोर्ट देखने के बाद हाथ में फ्रैक्चर होने की बात बताई और बाहर से दवाएं खरीदने के लिए पर्ची लिख दी। एसके कुमार को चिकित्सक की बात पर संदेह हुआ तो उन्होंने अपनी एक्स-रे रिपोर्ट दूसरे डॉक्टर को दिखाई। आरोप है कि दूसरे डॉक्टर ने जांच के बाद हड्डी टूटने की बात से इनकार कर दिया। इसके बाद मरीज और उनके तीमारदारों ने सीएचसी में की गई जांच और इलाज की प्रक्रिया पर सवाल उठाए।

बाहर की दवाएं लिखने का भी आरोप

मामले में केवल एक्स-रे रिपोर्ट को लेकर ही सवाल नहीं उठे हैं, बल्कि अस्पताल में आने वाले कई अन्य मरीजों ने भी बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदने के लिए पर्ची लिखे जाने की शिकायत की है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि वे सरकारी अस्पताल में कम खर्च पर बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन बाहर से महंगी दवाएं खरीदने के कारण उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह स्थिति परेशानी का कारण बन रही है।

स्वास्थ्य विभाग से जांच की मांग

स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब सरकारी अस्पताल में एक्स-रे और दवाओं की सुविधाएं उपलब्ध हैं, तो मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने की जरूरत क्यों पड़ रही है। वहीं, एक्स-रे रिपोर्ट की सही व्याख्या और चिकित्सकीय परामर्श को लेकर भी पारदर्शिता की मांग उठ रही है। मरीजों और तीमारदारों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि एक्स-रे रिपोर्ट, उपचार संबंधी पर्चियों और दवाओं के वितरण की व्यवस्था की जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। यदि जांच में लापरवाही या अनियमितता की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। फिलहाल मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और स्वास्थ्य विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है।

टाटरगंज में जिलाधिकारी की चौपाल, ग्रामीणों ने उठाईं समस्याएं

ग्रामीणों की मांग पर इंटर कॉलेज उपलब्ध कराने का आश्वासन, भूमि और विरासत के मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता





पूरनपुर/पीलीभीत। ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और मोबाइल नेटवर्क से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं।चौपाल में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगे हैंडपंपों के पानी की गुणवत्ता ठीक नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को पानी की गुणवत्ता की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिक्षा की समस्या उठाते हुए ग्रामीणों ने बताया कि आसपास इंटर कॉलेज नहीं होने के कारण बच्चों को पढ़ाई के लिए करीब 40 किलोमीटर दूर पलिया अथवा चंदिया हजारा जाना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग पर जिलाधिकारी ने शीघ्र इंटर कॉलेज उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में उपचार के लिए पलिया जाना पड़ने की समस्या भी सामने आई। इसके अलावा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और मोबाइल नेटवर्क की समस्या का मुद्दा उठाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने भूमि संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए ग्रामीणों को भौमिक अधिकार दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने तथा विरासत के सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पात्र किसानों से फार्मर आईडी बनवाने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी कराने की अपील की। साथ ही पात्र परिवारों को आवास, पेंशन, राशन और आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बताया कि 16 से 30 नवंबर तक जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। परिवार मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक परिवारों से इसमें भाग लेने की अपील की। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए पात्र लोगों को बीएलओ के माध्यम से फार्म-6 जमा करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से पौधरोपण किया।

पूरनपुर विधानसभा के लिये सपा से टिकट की दावेदारी में प्रदीप सोनकर का नाम चर्चा में

क्षेत्र में सक्रियता और संगठन से जुड़ाव को लेकर समर्थकों के बीच हो रही चर्चा

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर/पीलीभीत। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर 129 पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के टिकट को लेकर राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है। इसी बीच सपा से संभावित दावेदार के रूप में प्रदीप सोनकर का नाम भी चर्चा में आने लगा है। उनके नाम को लेकर क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन विभिन्न राजनीतिक दलों में संभावित प्रत्याशियों को लेकर गतिविधियां धीरे-धीरे तेज होने लगी हैं। समाजवादी पार्टी से पूरनपुर सीट पर कौन चुनाव मैदान में उतरेगा, इसे लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच मंथन जारी है। इसी क्रम में प्रदीप सोनकर का नाम भी संभावित दावेदार के रूप में सामने आ रहा है। प्रदीप सोनकर को लेकर समर्थकों के बीच चर्चा है कि आगामी चुनाव में उन्हें पार्टी की ओर से मौका मिल सकता है। हालांकि अभी तक समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से उनके नाम को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में टिकट को लेकर चल रही चर्चाओं को फिलहाल संभावनाओं के तौर पर ही देखा जा रहा है। पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल बनने के साथ ही संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता और संगठन के बीच उनकी भूमिका पर भी नजर रखी जा रही है। आने वाले दिनों में प्रदीप सोनकर की राजनीतिक गतिविधियां और पार्टी नेतृत्व का रुख इस चर्चा को आगे बढ़ा सकता है। फिलहाल पूरनपुर विधानसभा सीट पर सपा टिकट को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। अब देखना होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी नेतृत्व प्रदीप सोनकर को लेकर क्या रुख अपनाता है।

दि बर्डेट पब्लिक स्कूल में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया बाल दिवस

खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम, ब्लू हाउस ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती



पूरनपुर/पीलीभीत। दि बर्डेट पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशद खान और प्रधानाचार्या देवेंद्र कौर ने किया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के मनोरंजन, शारीरिक विकास और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मैदान में खिलाड़ियों का जोश देखते ही बन रहा था। विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन, आपसी सहयोग और टीम भावना का परिचय देते हुए प्रतियोगिताओं को रोमांचक बना दिया।आयोजित प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल मुकाबले में ब्लू हाउस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। टग ऑफ वॉर के बालक वर्ग में भी ब्लू हाउस की टीम विजेता रही, जबकि बालिका वर्ग में येलो हाउस ने बाजी मारी। दौड़ प्रतियोगिताओं में 100 मीटर रेस में इस्लाम, 200 मीटर दौड़ में मोहम्मद सैफ और 400 मीटर दौड़ में फैज खान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ब्लू हाउस ने ओवरऑल खेल प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम की। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक और प्रधानाचार्या ने ब्लू हाउस की कैप्टन मानतशा मैम, प्रिंस तिवारी सर और पूरी टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन कोऑर्डिनेटर फरहा खान एवं छात्रा फाजिआ ने किया। वहीं खेल शिक्षक मनिंदर सिंह के मार्गदर्शन में सभी प्रतियोगिताएं सुव्यवस्थित और उत्साहपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं।अंत में विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। बाल दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया और पूरा विद्यालय परिसर खुशियों से सराबोर नजर आया।

रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

जूनियर और सीनियर विंग में खेल प्रतियोगिताओं की रही धूम, बच्चों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर/पीलीभीत। नगर के रामस्वरूप रामदुलारी सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार, 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित विद्यालय में जूनियर एवं सीनियर दोनों विंग में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा और विद्यार्थियों ने कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जूनियर विंग में कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने किया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। प्रत्येक बच्चे में विशेष प्रतिभा और असीम संभावनाएं होती हैं। उचित मार्गदर्शन, संस्कार और प्रोत्साहन से वे जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभा प्रधान ने किया। यावेंद्र ने भी प्रेरक विचारों के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कारों का महत्व समझाया। इस दौरान छोटे बच्चों के लिए मनोरंजक खेल आयोजित किए गए और जलपान की व्यवस्था भी की गई।वहीं सीनियर विंग में कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, खो-खो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विद्यालय प्रबंधक हर्ष गुप्ता ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। इनसे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ धैर्य, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने पढ़ाई के साथ खेलकूद को भी सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताया। उपप्रधानाचार्य मोहित अवस्थी ने विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिताओं का आयोजन शारीरिक शिक्षा प्रमुख निर्दोष कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में प्रबंध समिति अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, सह-प्रबंधक अनुराग गुप्ता, कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ कार्यालय प्रमुख हरीश चंद्र शर्मा सहित शिक्षक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। बाल दिवस के आयोजन ने विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का संदेश दिया। बच्चों की मुस्कान और उत्साह के बीच समारोह यादगार बन गया।

बाल दिवस पर बच्चों ने लगाया आकर्षक मेला, खरीदारी और बिक्री कर सीखा व्यावहारिक ज्ञान

मोहसिन रहमानी



कांधला। शनिवार को नगर के संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी विद्यालय में बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने आकर्षक मेले का आयोजन किया। मेले का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक ऊषा मित्तल ने फीता काटकर किया।मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने स्वयं दुकानदार बनकर सामान की खरीदारी और बिक्री की तथा लेन-देन के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान हासिल किया। विद्यालय परिसर में बच्चों की चहल-पहल और उत्साह देखते ही बन रहा था।मेले का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, व्यवसायिक समझ और नेतृत्व क्षमता विकसित करना था। निदेशक ऊषा मित्तल ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास और व्यवहार कुशलता बढ़ती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना भी है। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक क्षितिज मित्तल, प्रधानाचार्या कुमारी रंजना मित्तल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

थाना समाधान दिवस में पहुंचीं आधा दर्जन से ज्यादा शिकायतें, जमीन और चकरोड पर कब्जे के आरोप



कांधला (वेलकम इंडिया)। शासन के दिशा-निर्देश पर शनिवार को थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी बच्चू सिंह और नायब तहसीलदार आकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में करीब आधा दर्जन फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इनमें अधिकांश शिकायतें जमीन पर अवैध कब्जे और चकरोड पर अतिक्रमण से संबंधित रहीं।गांव पंजोखरा निवासी किसान दिशन ने पड़ोसी पर उसकी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। कस्बा निवासी किसान साजिद ने शिकायत करते हुए बताया कि उसके पड़ोसी ने चकरोड को खुर्द-बुर्द कर दिया है। वहीं, रसूलपुर गुजरान निवासी किसान वीरसेन ने भी पड़ोसी पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया।इसके अलावा किसान यासीन ने पड़ोसियों पर चकरोड पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की। किसान विजयपाल ने भी अपने पड़ोसी पर जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।समाधान दिवस में अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद पुलिस और राजस्व विभाग की टीम को जांच कर समस्याओं का निष्पक्ष तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

एसएस एजुकेशनल एकेडमी में हर्षोल्लास से के मनाया दिवस

बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देकर ही होगा उज्ज्वल समाज का निर्माण : इमरान अली

वेलकम इंडिया संवाददाता



पूरनपुर/पीलीभीत। क्षेत्र के ग्राम जटपुरा स्थित एसएस एजुकेशनल एकेडमी में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बाल दिवस देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह और प्रेम के कारण ही उनकी जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति उनके लगाव पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, संस्कार और उचित मार्गदर्शन बेहद जरूरी है।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधतंत्र और शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए उन्हें बेहतर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक दिशा देने का संकल्प लिया। बच्चों को संबोधित करते हुए बताया गया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों को देश की अनमोल धरोहर मानते थे। उनका मानना था कि बच्चे बगीचे की कलियों के समान होते हैं, जिन्हें प्यार, देखभाल और उचित मार्गदर्शन से विकसित किया जाना चाहिए। विद्यालय के एमडी इमरान अली खालिदी और प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल के जिम्मेदार नागरिक और राष्ट्र निमार्ता बनेंगे। इसलिए प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना हम सभी की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम के अंत में बच्चों के प्रति स्नेह व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और जीवन में

अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प, पूरनपुर में आरती ने तेज किया जनसंपर्क



पूरनपुर, पीलीभीत (वेलकम इंडिया)। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूरनपुर विधानसभा की सपा प्रत्याशी आरती महेंद्र ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। उन्होंने पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए महंगाई और बेरोजगारी को लेकर घेरा।आरती महेंद्र ने कहा कि वर्तमान सरकार में आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है। युवा रोजगार के लिए परेशान हैं और आम आदमी पर महंगाई की मार पड़ रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकताओं और समर्थकों को एकजुट होकर अभी से जुटना होगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूर्ण बहुमत से मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर सभी वर्गों का विकास होगा और जनता को राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कुछ मतों के अंतर से हारने के बावजूद उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपना रिश्ता कमजोर नहीं होने दिया। वह लगातार लोगों के सुख-दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं में साथ निभा रही हैं। आरती महेंद्र ने दावा किया कि यदि पार्टी ने इस बार उन्हें पूरनपुर विधानसभा से प्रत्याशी बनाया तो वह भारी मतों से जीत दर्ज करेंगी। जनसंपर्क के दौरान सपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

पूरनपुर में अदब-ओ-अहतराम के साथ निकला उर्स-ए-कासमी का चादर शरीफ जुलूस

मारहरा शरीफ में 20 से 22 नवंबर तक होगा उर्स- ए- कासमी का आयोजन, अकीदतमंदों से शामिल होने की अपील

वेलकम इंडिया/मीनू बरकाती



पूरनपुर/पीलीभीत। शहर में मजहबी अकीदत और रूहानी माहौल के बीच उर्स- ए- कासमी के मुबारक मौके पर चादर शरीफ का जुलूस पूरी शान-ओ-शौकत और अदब-ओ-अहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए देश में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआएं मांगीं।एटा जिले के मारहरा शरीफ में आगामी 20, 21 और 22 नवंबर को हर वर्ष की तरह इस बार भी उर्स-ए-कासमी का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए पूरनपुर और आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में अकीदतमंद पहुंचते हैं। इसी सिलसिले में बज्म शाह बरकात की जानिब से जामिया गरीब नवाज दुख्तराने इस्लाम से चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया। 13 नवंबर को शाम छह बजे मदरसे से शुरू हुआ जुलूस धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ आगे बढ़ा। इस मौके पर रजाकार एवं सभासद नादिर रजा बरकाती ने अकीदतमंदों से उर्स-ए-कासमी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिरकत करने की अपील की। पैगाम-ए-अमन काउंसिल के सदर तौफीक अहमद कादरी ने मारहरा शरीफ की धार्मिक और आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां आला हजरत इमाम अहमद रजा खां बरेलवी के पीरो-मुर्शिद शाह आले रसूल मारहरी की दरगाह शरीफ स्थित है। मान्यता के अनुसार, यहां एक ही गुंबद के नीचे सात कुतुब आराम फरमा हैं। देश-विदेश से बड़ी संख्या में अकीदतमंद यहां पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं।उन्होंने बताया कि मारहरा शरीफ की सरजमीं से हमेशा आधी रोटी खाइए, बच्चों को पढ़ाइए का संदेश दिया जाता रहा है, जो शिक्षा और सादगी का महत्वपूर्ण पैगाम है। मारहरा बज्म-ए-शाह बरकात व रजा कमेटी के सदर मौलाना याकूब हुसैन बरकाती, शकील अहमद बरकाती सहित अन्य लोगों ने भी उर्स में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान हाफिज नदीम बरकाती, गुड्डू, मोहम्मद नदीम, मोहम्मद शारिक, नोमान अली वारसी, हाफिज इलियास, नादिर रजा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

घर में घुसकर चोरों ने उड़ाया कीमती सामान, महिला रिश्तेदारी में गई थी

वेलकम इंडिया संवाददाता



कांधला। थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। विधवा महिला ने गांव के ही दो लोगों पर घर में घुसकर गैस सिलेंडर समेत कीमती सामान चोरी करने का आरोप लगाया है। मामले की सूचना पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा निवासी विधवा महिला मुनेश पत्नी मंगा ने बताया कि वह किसी काम से अपनी रिश्तेदारी में गई हुई थी। इसी दौरान गांव के ही दो लोग कथित रूप से उसके घर में घुस गए और गैस सिलेंडर सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। घर लौटने पर चोरी की जानकारी हुई तो महिला के होश उड़ गए। पीड़िता ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि कई बार गंगेरू चौकी प्रभारी को मामले की सूचना दी मगर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई।उपनिरीक्षक मुनेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी के संबंध में तहरीर मिली है। संबंधित चौकी प्रभारी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

बाल दिवस के अवसर पर समर्पण उत्थान सोसायटी एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित

वेलकम इंडिया/फतेह खान





रुदौली,/अयोध्या। 14 नवंबर बाल दिवस के पावन अवसर पर समर्पण उत्थान सोसायटी एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय खैरनपुर, रुदौली में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पेंसिल, रबर, कटर एवं कॉपी सहित अन्य पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन हेतु पुनः पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय व्यापार संघ, लखनऊ के वरिष्ठ महामंत्री आनंद सेन जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास एवं बेहतर शिक्षा के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लेने का अवसर भी है। सोसायटी के कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने कहाँ जो आज बच्चे हैं इनमें से कोई डॉक्टर बनेगा कोई इंजीनियर कोई वैज्ञानिक तो कोई देश की सीमाओं की रक्षा करने वाला सिपाही हमें अपने बचपन को केवल मस्ती तक सीमित नहीं रखना है बल्कि अच्छी शिक्षा और अच्छे गुण को भी अपनाना है हमें कभी अपनी असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए क्योंकि असफलता ही हमें आगे बढ़ाने की सीख देती है अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन सोसायटी की वरिष्ठ सदस्य अमिता गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सोसायटी के प्रबंधक डॉ. विकास श्रीवास्तव, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरोज भारती, काजल आर्या, ऋतु, संजू, सफिया एवं संदीप कुमार सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

एसएसआर अभियान को लेकर एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया संवाददाता



शिकारपुर (बुलंदशहर)। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान के तहत शनिवार को एसडीएम प्रतीक्षा पांडेय की अध्यक्षता में तहसील सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसएसआर अभियान से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं, प्रक्रियाओं और आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अभियान की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए आवश्यक जानकारियां दीं। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इनमें भाजपा से रामकिशन लोधी, राष्ट्रीय लोकदल से चौधरी नरेश प्रधान, कांग्रेस से शिव कुमार शर्मा, अपना दल से ठाकुर अरुण सैन, बहुजन समाज पार्टी से जमील गाजी तथा समाजवादी पार्टी से लवकुश सैनी शामिल रहे। इसी क्रम में तहसील सभागार में नगर पालिका शिकारपुर, नगर पंचायत पहासू और छतारी के चेयरमैन, अधिशासी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सफाई नायकों के साथ भी बैठक आयोजित की गई। इसमें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान तथा जनगणना के अंतर्गत स्व-जनगणना को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण भी दिया, ताकि अभियान की प्रक्रिया को सही ढंग से समझकर निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुसार कार्य किया जा सके। बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित निकायों के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

अस्पताल पहुंचकर एसएसपी ने जाना घायल युवती का हाल, आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश





वेलकम इंडिया संवाददाता

बुलंदशहर। खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में युवती को चाकू मारकर घायल किए जाने की घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शनिवार, 14 नवंबर को अस्पताल पहुंचकर पीड़िता का हालचाल जाना। उन्होंने उपचाराधीन युवती से मुलाकात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और चिकित्सकों से चल रहे उपचार के संबंध में विस्तार से बातचीत की। चिकित्सकों ने पीड़िता की हालत सामान्य बताई। एसएसपी ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से कहा कि युवती के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उसे बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पीड़िता से मुलाकात के बाद एसएसपी ने घटना के संबंध में संबंधित पुलिस अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रकरण में सभी तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच की जाए तथा नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि घटना से जुड़े प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़िता और उसके परिजनों की बात को गंभीरता से सुना जाए तथा उन्हें आवश्यक पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही आरोपित के विरुद्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामलों में पुलिस पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य करे। घटना की जांच में तेजी लाते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। अस्पताल में एसएसपी की मौजूदगी और अधिकारियों को दिए गए निदेर्शों के बाद पुलिस महकमे में मामले को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। पुलिस की ओर से घटना से संबंधित तथ्यों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बाल मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, खुद संभाली खरीद-बिक्री और व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी

नकटपुरी कला में बाल दिवस पर सजे खाने-पीने और खेलों के स्टॉल, लाभ कमाने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया संवाददाता



टांडा। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को भगतपुर-टांडा ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान कम्पोजिट विद्यालय नकटपुरी कला में आयोजित बाल मेला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में बच्चों ने न केवल उत्साहपूर्वक भाग लिया, बल्कि आयोजन की पूरी जिम्मेदारी भी स्वयं संभाली। बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ प्रसून ने किया। मेले में ग्राम पंचायत के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने गोलगप्पे, जवे, काले चने, मैगी और पॉपकॉर्न सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए। इसके अलावा गेंद से गिलासों का टावर गिराने और रिंग फेंकने जैसे मनोरंजक खेलों के स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें बच्चों ने खूब आनंद लिया। मेले की सबसे खास बात यह रही कि इसकी व्यवस्था से लेकर संचालन तक की जिम्मेदारी बच्चों ने स्वयं संभाली। खरीदारी और बिक्री के लिए कूपन प्रणाली अपनाई गई। बच्चे कूपन काउंटर से कूपन खरीदकर विभिन्न स्टॉलों पर खाने-पीने की चीजें खरीदते और खेलों में भाग लेते रहे। इस व्यवस्था के माध्यम से विद्यार्थियों को लेन-देन, प्रबंधन और आर्थिक गतिविधियों की व्यावहारिक जानकारी भी मिली। मेले के समापन पर बच्चों ने प्रत्येक स्टॉल की लागत, कुल बिक्री और लाभ-हानि का हिसाब स्वयं तैयार किया। इसमें सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाली कक्षा आठ की छात्राएं फिरदौस और प्रियाक्षी को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में प्राथमिक विद्यालय नकटपुरी कला द्वितीय के प्रधानाध्यापक अर्पित गुप्ता सहित भावना, नाजिर, रहनुमा, अमिता, आरती, इमरान, अखिलेश, जुल्फीकार और हिमांशु का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बाल दिवस पर ब्लॉक के विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कम्पोजिट विद्यालय नकटपुरी कला सहित कई विद्यालयों में बाल मेले लगाए गए। इस प्रकार के आयोजन बच्चों में स्वावलंबन, नेतृत्व क्षमता और उद्यमशीलता का विकास करने के साथ उन्हें व्यवहारिक जीवन के अनुभव भी प्रदान करते हैं।

जवाहर ज्योति जूनियर हाईस्कूल सोसायटी
अमरगढ़, बुलन्दशहर (उत्तर प्रदेश)
(15213 आई०)

पत्रांक : _____ दिनांक : 14-11-2026

प्रबंध समिति निर्वाचन सूचना

जवाहर ज्योति जूनियर हाईस्कूल सोसायटी अमरगढ़ बुलन्दशहर की साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है। कि सोसायटी की प्रबन्ध समिति का चुनाव विद्यालय प्रांगण में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जायेगा। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। एक सदस्य एक पद के लिये प्रत्याशी होगा। और निम्न तिथियों के अतिरिक्त किसी अन्य तिथियों को मान्यता नहीं होगी।

क्र.सं.	कार्यक्रम	दिनांक	दिन	समय
1.	मतदाता सूची का प्रकाशन	24-11-2026	मंगलवार	प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक
2.	सूची पर आपत्तियों का आमंत्रण	24-11-2026	मंगलवार	सायं 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
3.	आपत्तियों का निस्तारण	25-11-2026	बुधवार	प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक
4.	अन्तिम सूची का प्रकाशन	25-11-2026	बुधवार	सायं 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
5.	नामांकन तिथि	26-11-2026	गुरुवार	प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक
6.	नामांकन पत्रों की जांच	26-11-2026	गुरुवार	सायं 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
7.	नामांकन वापसी	27-11-2026	शुक्रवार	प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक
8.	वैध नामांकनों का प्रकाशन	27-11-2026	शुक्रवार	सायं 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
9.	चुनाव चिन्ह आवंटन	28-11-2026	शनिवार	प्रातः 10:00 बजे से 1:00 बजे तक
10.	मतपत्रों के नमूने का प्रकाशन	28-11-2026	शनिवार	सायं 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
11.	1- चुनाव मतदान 2- मतगणना 3- नवनिर्वाचित प्रबंध समिति की घोषणा	29-11-2026	रविवार	1- प्रातः 08:00 बजे से 4:00 बजे तक 2- सायं 4:15 से कार्य समाप्ति तक 3- मतगणना के उपरान्त

नोट- मतदान के समय अपना पहचान-पत्र साथ लाएं।

प्रबन्धक / अध्यक्ष
जवाहर ज्योति जूनियर हाईस्कूल सोसायटी

मंचले पर तमंचे से रोब गांठने का लगाया आरोप, छीना हथियार लौटाने की चर्चा

होली चौक में दहशत फैलाने के मामले में पुलिस से जांच और कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता



मेरठ। थाना किठौर क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर स्थित मोहल्ला होली चौक में फराज नाई पुत्र स्वर्गीय शाहिद पर तमंचा दिखाकर लोगों पर रौब जमाने और दहशत फैलाने के आरोप सामने आए हैं। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, कुछ लोगों ने कथित तौर पर युवक की पिटाई कर उसके कब्जे से तमंचा छीन लिया था। हालांकि, आरोप है कि बाद में युवक की कथित धमकी के चलते छीना गया तमंचा उसे वापस लौटा दिया गया। इस घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में कई सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि युवक के पास दोबारा हथियार पहुंच गया है तो इससे किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने सवाल उठाया है कि यदि भविष्य में इसी हथियार से कोई वारदात होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। मामले को लेकर स्थानीय लोगों की निगाहें अब किठौर पुलिस पर टिकी हैं। उन्होंने पुलिस से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, हथियार की बरामदगी और आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित लोगों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने यह भी मांग की है कि पुलिस क्षेत्र में अवैध हथियारों से जुड़ी गतिविधियों पर निगरानी रखे और शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करे। उनका कहना है कि मामले में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पक्षों की बात सुनना और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच करना जरूरी है। पुलिस जांच के बाद ही घटनाक्रम की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता



अहमदगढ़ (बुलंदशहर)। हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को अहमदगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार, बीते 13 नवंबर को ग्राम ढक नगला निवासी देवेंद्रपाल सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने उनकी पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए हवाई फायरिंग की थी। इसके बाद आरोपी उनकी चाय की दुकान पर पहुंच गए, जहां हेमंत ने जान से मारने की नीयत से उन पर तमंचे से फायर कर दिया। हालांकि, वह बाल-बाल बच गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हेमंत पुत्र उदल सिंह निवासी ग्राम डेटा, थाना पिसावा, जनपद अलीगढ़, गोविंद पुत्र उद्यम सिंह सोलंकी निवासी मुरारी नगर, खुर्जा तथा विक्की उर्फ विवेक पुत्र दिनेश कुमार निवासी ग्राम खखुडा, थाना अहमदगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपियों को न्यायालय भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार, जीत सिंह, अनीस अहमद, संजीत सिंह तथा कांस्टेबल लोकेश कुमार, ललित तेवतिया और मो. साहिल शामिल रहे।

लघु उद्योग भारती के कोषाध्यक्ष एवं उनके पुत्र के विरुद्ध गंभीर धाराओं में दर्ज मामलों को लेकर उद्यमियों में रोष, निष्पक्ष जांच की मांग

वेलकम इंडिया संवाददाता



मोदीनगर। लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें लघु उद्योग भारती, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य उद्यमियों तथा समाजसेवियों ने भाग लिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीपावली के अवसर पर पटाखे चलाने को लेकर पड़ोस में हुए विवाद के बाद लघु उद्योग भारती के कोषाध्यक्ष यशवीर यादव एवं उनके पुत्र वैभव यादव के विरुद्ध गंभीर धाराओं में दर्ज आपराधिक मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 333, 352, 351(3), 109(1), 309 (4) एवं 324(2), एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2) (va) तथा धारा 27 के अंतर्गत आरोप लगाए जाने की जानकारी दी गई। शिकायत में फायरिंग करने तथा 7,000 की लूट जैसे गंभीर आरोप भी शामिल बताए गए हैं।

यशवीर यादव एवं उनके परिवार ने इन सभी आरोपों को निराधार बताते हुए आशंका व्यक्त की कि उन्हें एक सुनियोजित साजिश के तहत फँसाया जा रहा है। उनका कहना है कि उनकी ओर से न तो कोई मारपीट की गई और न ही कोई जातिसूचक टिप्पणी की गई। उनके अनुसार, लूट जैसी कोई घटना संभव ही नहीं है, क्योंकि यशवीर यादव के परिवार का कोई भी सदस्य घर में प्रवेश नहीं किया था।


परिवार का कहना है कि इस संबंध में वीडियो फुटेज भी उपलब्ध है। लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई ने पुलिस प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं साक्ष्य आधारित जाँच की माँग की। संगठन ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की गहन जाँच कर वास्तविक तथ्यों को सामने लाया जाना चाहिए।

लघु उद्योग भारती, मोदीनगर के अध्यक्ष एस. के. गौतम ने स्पष्ट किया कि वे जातिगत भेदभाव एवं अत्याचार का पूर्ण विरोध करते हैं। साथ ही, किसी भी कानून का दुरुपयोग निर्दोष नागरिकों के उत्पीड़न का माध्यम नहीं बनना चाहिए।

लघु उद्योग भारती, मोदीनगर इकाई ने केंद्र सरकार से एससी/एसटी एक्ट को समाप्त करने पर गंभीरता से विचार करने तथा जातिगत अत्याचार से प्रभावी सुरक्षा और सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने वाली न्यायसंगत कानूनी व्यवस्था बनाने की माँग की।

लघु उद्योग भारती ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जाँच कर सच्चाई सामने लाने तथा किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न होने देने की अपील की। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती, मोदीनगर के अध्यक्ष एस. के. गौतम एवं महामंत्री प्रवीण चौधरी, क्क्अ मोदीनगर चैप्टर से राज ढींगरा, मुकेश गर्ग, बृजमोहन कपूर एवं संजीव माहेश्वरी, प्रदीप बॉस, व्यापार मंडल से मेहराम चंदेला तथा समाजसेवी चंदवीर सिंह सहित अनेक उद्यमी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



वेलकम इंडिया संवाददाता

मोदीनगर। श्याम मार्केट में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मनायी गई। पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश पंडित सुनील शर्मा ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू आज के विकसित भारत की नीव डाली थी पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एम्स इसरो आदि अनेक सरकारी कंपनियों की स्थापना की। शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सैन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से विशेष लगाव रखते थे। इसीलिए नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में हर साल मनाया जाता है और पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत में संविधान की स्थापना कर लोगों को समानता का अधिकार प्रदान किया और प्रत्येक नागरिक को वोट का अधिकार देकर सरकार बनाने में हिस्सेदारी का एहसास प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मोदीनगर चांद वीर चौधरी, अभिनव शर्मा, भिखारी लाल कश्यप, प्रदीप गोड, विशाल कौशिक, कल्पना सिंह, पंडित सुरेश दोसा , अमजद इंद्रेशी, सुधीर त्यागी, सुनील कटारिया, धर्मेंद्र त्यागी और मुकुल शर्मा अजीत सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर पर वार्षिक खेल समारोह का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया संवाददाता









मोदीनगर। बाल दिवस के अवसर पर तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में विद्यालय में वार्षिक खेल समारोह का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौरव माहेश्वरी तथा विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती राधिका माहेश्वरी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्रीमती अनु माहेश्वरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती राधिका माहेश्वरी द्वारा फीता काटकर तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम का आरंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय एवं आनंदमय बना दिया।

विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी गौरव माहेश्वरी श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली मंच संचालन श्रीमती सुमन शर्मा एवं देवेंद्र चौधरी द्वारा किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। नरेंद्र बालियान, श्रीमती सीमा चौधरी एवं अमित तोमर व अतुल ने अपनी सक्रिय सहभागिता, समर्पण एवं अथक परिश्रम से आयोजन की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया



वेलकम इंडिया संवाददाता

मोदीनगर। ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, उत्साह और खुशियों से सराबोर रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने भी बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष प्रस्तुतियाँ देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन संदीप रुहेला, ऋतु गोयल मैम, शिखा गोयल मैम एवं नैना रस्तोगी मैम ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। प्रबंधन ने अपने संदेश में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनकी प्रतिभा को निखारना, उन्हें अच्छी शिक्षा एवं संस्कार देना तथा उनके सपनों को नई उड़ान देना हम सभी की जिम्मेदारी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षकगण ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सभी ने इस विशेष दिन का भरपूर आनंद लिया। ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिवार की ओर से सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

आर्य समाज के वार्षिक कार्यक्रम में महिला सम्मेलन का आयोजन



अनिल वशिष्ठ

मोदीनगर(वेलकम इंडिया)। गोविन्दपुरी आर्य समाज के प्रति वर्ष होने वाले वार्षिक सम्मेलन के महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती ममता आर्य की रही। मुख्य अतिथि के रूप में मोदीनगर विधायक डाक्टर मंजु शिवाच रहीं। श्रीमती रेनु शर्मा शिक्षा विद,पुष्पा शर्मा सुप्रसिद्ध कवयित्री, लाजवंती सुदृढ आर्य समाजी, अनिता ,विश्वबंधु सचदेवा, हरीश शर्मा, अरुण त्यागी , मनीषा सिंह आदि अनेक बंधु तथा बहनों की गरिमामयी उपस्थिति के साथ डाक्टर अनिला सिंह आर्या तथा उभरती युवा पीढ़ी की बेटी का सधा हुआ संचालन रहा। सभी वक्ताओं ने सभ्यता संस्कृति संस्कार पर वर्तमान की व्याख्या अतीत के साथ तुलनात्मक रूप से करते हुए विचाराभिव्यक्ति की। डॉक्टर अनिल आर्य ने कहा कि हम मानते हैं कि यदि महर्षि दयानंद सरस्वती का प्रादुर्भाव न होता तो वर्तमान में महिला की स्थिति आज के विपरीत होती। आज भी हम अनेक अंधविश्वास की कालिमा में डूबे हैं। आज भी जहाँ संविधान ने महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिया है,राजनीति में भागीदारी दी है।,शिक्षा का अधिकार दिया है, जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की राह दी है वहीं कुरीतियों ने भी अपने पाँव दृढ़ता से जमाये हैं। बेटियाँ बिक रही हैं, एक बेटी अनेक बार विवाह कर रही है बेटियों की माँ अपमानित होती है दूसरा पहलू भी है कि घर टूट रहे हैं,विवाह परम्परा एक पवित्र बंधन है वह टूट रहे हैं। सशक्तिकरण स्त्री के ने स्वैच्छिक रूप से सम्बंध तोड़ना और जोड़ना सीख लिया है लेकिन आने वाले कल वही तो मिलेगा जो हम बाँटते चल रहे हैं। हमारे वेद सर्वे भवन्तु सुखीनः की बात कहते हैं। किसी एक वर्ग की बात नहीं कहते। हम विश्व का कल्याण हो कहते हैं। इसके साथ-साथ हम अपने राष्ट्र की पताका को लहराना चाहते हैं। हम राम के आदर्श पर चलते हैं तो कृष्ण के कर्म को आचरण में ढालते हैं।आज छठ पर्व है सबको शुभकामनाएँ।

विजय दिवस के कार्यक्रम के लिए पूर्व सैनिक शौर्य कल्याण संगठन ने भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष को किया आमंत्रित

वेलकम इंडिया संवाददाता



मोदीनगर। पूर्व सैनिक शौर्य कल्याण संगठन द्वारा 16 दिसंबर विजय दिवस के मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नगर से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम के लिए अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। पूर्व सैनिक शौर्य कल्याण संगठन के अध्यक्ष (ब्लैक कैट कमांडो) मनोज शर्मा ने बताया कि आगामी 16 दिसंबर को विजय दिवस के उपलक्ष में अतिथि के तौर पर निमंत्रण देने के लिए व उनकी स्वीकृति प्राप्त करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष नवाब सिंह नागर से उनके आवास पर मिलने गए। वहां पर क्षेत्रीय अध्यक्ष महोदय द्वारा संगठन के अध्यक्ष का स्वागत किया गया व प्राप्त निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए अपनी स्वीकृति प्रदान की। अध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि16 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष मोदीनगर में शहीद परिवारों, पूर्व सैनिकों व देशभक्तों की उपस्थिति में विजय दिवस समारोह बहुत ही उत्सुकता पूर्वक मनाया जाता है।16 दिसंबर को भारत-पाकिस्तान का युद्ध हुआ था और भारत ने अनुपम विजय प्राप्त की थी 93000 सैनिक बंदी बना लिए थे इस उपलक्ष में हम विजय दिवस मनाते हैं। इस मौके पर संस्थापक लक्ष्मण सिंह राठी ओमपाल तेवतिया विनोद गुप्ता रोहतास चमन लाल रिशिपाल यादव विक्रांत राणा आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

डीएम ने एओए और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से मांगा सहयोग, सोसायटियों में चलाएं विशेष अभियान

वेलकम इंडिया संवाददाता



गाजियाबाद। विधानसभा मतदाता सूची को शत-प्रतिशत शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए जिला प्रशासन ने अब आवासीय सोसायटियों में रहने वाले लोगों को अभियान से जोड ` की तैयारी तेज कर दी है। प्रशासन का लक्ष्य है कि जनपद का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शनिवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मादंड ने इंदिरापुरम स्थित आरके मंगलम वर्ल्ड स्कूल में विभिन्न आवासीय सोसायटियों के एओए और आरडब्ल्यूए अध्यक्षों एवं सचिवों के साथ बैठक कर उन्हें मतदाता जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना प्रत्येक पात्र नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। इस अधिकार को सुनिश्चित कराने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से काम कर रहा है, लेकिन इस अभियान की सफलता जनभागीदारी पर भी निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि सोसायटियों में बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं और एओए एवं आरडब्ल्यूए पदाधिकारी सीधे उनसे जुड़े होते हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता पंजीकरण के प्रति जागरूक करें। सोसायटियों में रहने वाले लोगों को बताएं कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना क्यों जरूरी है और इसके लिए किस प्रक्रिया का पालन करना है। डीएम ने सभी जनपदवासियों से अपील की कि वे अपने मोबाइल फोन में ईसीआई नेट ऐप अवश्य डाउनलोड करें। 17 नवंबर 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद प्रत्येक नागरिक इस ऐप के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जांचे। उन्होंने कहा कि केवल यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि पहले से नाम दर्ज है तो वह नई सूची में भी मौजूद होगा। प्रत्येक पात्र नागरिक स्वयं इसकी पुष्टि करे। यदि किसी व्यक्ति का नाम सूची में नहीं मिलता है तो वह फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन करे। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम, पते अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है या संशोधन की आवश्यकता है, वे फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से भी सहायता ली जा सकती है। डीएम ने एओए और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी सोसायटियों में रहने वाले सभी परिवारों तक यह जानकारी पहुंचाएं और विशेष रूप से उन युवाओं को जागरूक करें, जो पात्र मतदाता बनने की आयु पूरी कर चुके हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अवसर तभी मिल सकता है, जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

हर बच्चा कुपोषण मुक्त हो, सर्वोत्तम शिक्षा के अवसर मिले-डॉ अनिल आर्या

वेलकम इंडिया संवाददाता



मोदीनगर। नीति और शोध प्रमुख जिला गाजियाबाद की डॉ अनिल आर्या ने कहा कि आज बाल दिवस बरसों से मनाने वाला दिन जो दिवंगत प्रथम स्वतंत्र भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर मनाया जाता है। कहते हैं कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जी को बच्चों से बहुत स्नेह रखते थे। उन्होंने कहा कि हम अधिक राजनीतिक गहराइयों में न जाते हुए सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविन्द सिंह जी को भी उनके जन्मदिन पर शत-शत नमन व श्रद्धा सुमन अर्पण करते हैं जो साहित्य के उच्च शिखर को छूते हुए कहते थे - चिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊँ, देहे शिवा वर मोहे है,शुभ कर्मण ते मैं कबहुँ न डरूँ।आज की ताजा तस्वीर बच्चों की प्रस्तुत है। हमने उनको देखते ही कहा कि अरे आज तो बाल दिवस है इस पर बच्चों ने कहा नहीं आज चिल्ड्रेन्स डे है। परंतु इस चर्चा न करते हुए हम चाहते हैं कि हर बच्चा कुपोषण मुक्त हो, विद्यालय में सिर्फ इसलिए न जाये कि भोजन मिलेगा, उसे सर्वोत्तम शिक्षा का अवसर मिले, वह बाल मजदूरी या सड़कों पर कचरा उठाने से वंचित हो। आगे बढ़ने के लिये भारतीय संविधान के अनुसार अवसर मिले। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ वन्दे-मातरम हर बच्चे की जुबान पर हो तभी तो भगतसिंह, आजाद, सुभाष चन्द्र बोस आदि आदि जन्म लेंगे। वस्त्र नहीं आत्मा जब बदलती है तब वैचारिक क्रांति आती है।

खाकी की अनोखी मिसाल: बेजुबान श्वान और उसके बच्चों का सहारा बने डायल 112 के हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार

वेलकम इंडिया संवाददाता



गाजियाबाद (साहिबाबाद)। पुलिस की वर्दी के पीछे छिपी मानवीय संवेदनशीलता की एक बेहद खूबसूरत तस्वीर साहिबाबाद क्षेत्र में देखने को मिल रही है। आपातकालीन सेवा डायल 112 पर तैनात हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार और उनकी पीआरवी (PXRYV) टीम अपनी व्यस्त ड्यूटी के बीच बेजुबान जानवरों की सेवा कर समाज के सामने एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं। साहिबाबाद स्थित महाराजपुर गांव के पास पैसिफिक मॉल के पिछले हिस्से में बने जंगल में एक मादा श्वान (कुतिया) और उसके छोटे-छोटे बच्चे रहते हैं। हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार रोजाना अपनी ड्यूटी के दौरान समय निकालकर इस स्थान पर पहुंचते हैं। उनके और इन बेजुबानों के बीच का लगाव इतना गहरा हो चुका है कि जैसे ही डायल 112 की गाड़ी का हॉर्न बजता है, मादा श्वान और उसके सभी बच्चे दौड़कर गाड़ी के पास आ जाते हैं। सिपाही प्रवीण कुमार और उनकी टीम न केवल इन बेजुबानों के लिए रोजाना दूध और खाने की व्यवस्था करती है, बल्कि बीमार और कमजोर श्वानों का भी पूरा ख्याल रखती है। टीम द्वारा अपने निजी प्रयासों से बीमार कुत्तों को समय-समय पर जरूरी दवाइयां भी दी जाती हैं ताकि वे स्वस्थ रह सकें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ मूक प्राणियों के प्रति हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार और उनकी टीम का यह समर्पण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोग और पशु प्रेमी खाकी के इस मानवीय चेहरे की जमकर सराहना कर रहे हैं।

हाईकोर्ट बेंच और अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की मांग को लेकर लखनऊ में अधिवक्ताओं का विधानसभा घेराव

गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी और सचिव शोभाराम चंदीला के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया संवाददाता





गौतमबुद्धनगर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना और अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू कराने की मांग को लेकर लखनऊ में अधिवक्ताओं ने विधानसभा का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष मनोज भाटी (बोडाकी) एडवोकेट और सचिव शोभाराम चंदीला एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता प्रदर्शन में शामिल हुए। अधिवक्ताओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच स्थापित करने की मांग उठाते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की आम जनता को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय मिल सकेगा। प्रदर्शन में हाईकोर्ट बेंच केंद्रीय संघर्ष समिति के चेयरमैन अनुज शर्मा, संयोजक परवेज आलम सहित प्रदेश की विभिन्न बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव और पदाधिकारी मौजूद रहे। मनोज भाटी और शोभाराम चंदीला ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए हाईकोर्ट बेंच।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए स्कूलों में 18 से 20 नवंबर तक लगेंगी विशेष पीटीएम

1800 प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों के साथ डीएम ने की बैठक, पात्र मतदाताओं के फॉर्म-6 भरवाने के दिए निर्देश

कपिल चौहान





गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)। मोहननगर स्थित आईटीएस कॉलेज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में करीब 1800 शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। डीएम ने मतदाता पंजीकरण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए 18, 19 और 20 नवंबर को प्रत्येक विद्यालय में विशेष पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं सहित सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया जाए। इसके लिए विद्यार्थियों के माध्यम से परिवारों तक जागरूकता पहुंचाई जाए। नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6, जबकि नाम संशोधन और स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 भरवाने में सहयोग किया जाए।

एकत्रित फॉर्म विधानसभा क्षेत्रवार जिला विद्यालय निरीक्षक या जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराए जाएंगे। बैठक में सीडीओ ने एउक्तएल्ऐप डाउनलोड करने और उसके उपयोग की जानकारी भी दी। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए और जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नोएडा में नकली सिगरेट के काले कारोबार का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

असली ब्रांड की डिब्बियों में भरकर बेचते थे नकली सिगरेट, तीन पैकिंग मशीन और कार बरामद

वेलकम इंडिया संवाददाता



नोएडा। थाना फेस-2 पुलिस ने नामी कंपनियों के ब्रांड के नाम पर नकली सिगरेट बेचने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खाली डिब्बियों में तंबाकू भरकर मशीनों से दोबारा पैकिंग करते थे और असली सिगरेट बताकर बाजार में छोटे दुकानदारों को सप्लाई करते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गोल्ड फ्लेक की 3500 और कैप्स्टन की 1440 खाली डिब्बियां, 700 ग्राम खुला तंबाकू, गोल्ड फ्लेक की 128 और कैप्स्टन की 57 सिगरेट बरामद की हैं। इसके अलावा पैकिंग करने वाली तीन मशीनें और सप्लाई में इस्तेमाल टोयोटा ग्लैंजा कार भी जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संदीप और संदीप उर्फ संजीव उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है। थाना फेस-2 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और ट्रेडमार्क एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

फैक्ट्री के जनरेटर में भड़की आग, समय रहते पाया काबू; बड़ा हादसा टला

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित ड्राई फ्रूट्स पैकिंग फैक्ट्री में शनिवार सुबह बड़े जनरेटर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जनरेटर से उठीं आग की लपटें विद्युत तारों तक पहुंच गईं, जिससे आग के फैक्ट्री के अन्य हिस्सों में फैलने का खतरा पैदा हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझने से फैक्ट्री में बड़ा नुकसान होने से बच गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और आसपास की फैक्ट्रियां भी सुरक्षित रहीं। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब सात बजे फायर स्टेशन कोतवाली को बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित गोल्डन वैली ओवरसीज फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी कोतवाली शेषनाथ यादव के नेतृत्व में दो दमकल गाडि ं और एक वाटर बाउजर मौके पर रवाना किया गया। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि फैक्ट्री परिसर में स्थापित बड़े जनरेटर में आग लगी हुई थी। आग की लपटें विद्युत वायरिंग और तारों तक पहुंच चुकी थीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकलकर्मियों ने तत्काल दो होज पाइप फैलाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

अस्पताल में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग, हाजी सलमान के भाई पर जानलेवा हमला

10 से 12 हमलावरों ने लोनी के शिवेन अस्पताल में मचाया आतंक, टॉयलेट में छिपकर परिवार ने बचाई जान

वेलकम इंडिया संवाददाता











गाजियाबाद। लोनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बेखौफ हमलावरों ने इंफ्लुएंसर हाजी सलमान के परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। करीब 10 से 12 हमलावरों ने शिवेन अस्पताल में घुसकर कई राउंड फायरिंग की। जानकारी के अनुसार, हाजी सलमान के छोटे भाई शाहनवाज अपनी बीमार पत्नी परवीन को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पत्नी को भर्ती कराने के बाद डॉक्टर जांच कर रहे थे, तभी हमलावरों ने बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर शाहनवाज पर गोलियां चला दीं। जान बचाने के लिए शाहनवाज अस्पताल के अंदर भागे तो हमलावरों ने पीछा कर वहां भी फायरिंग की। गोली अस्पताल के गेट पर लगने से शीशा टूट गया। आरोप है कि हमलावरों ने महिला कर्मचारी नसीमा के साथ मारपीट भी की। इस दौरान परिवार के लोगों ने टॉयलेट में छिपकर जान बचाई। गौरतलब है कि हाजी सलमान फिलहाल पॉक्सो समेत अन्य मामलों में डासना जेल में बंद हैं। घटना ने अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है।

खेलों की मस्ती, रंग-बिरंगे परिधानों का जलवा, बाल दिवस पर 120 बच्चों ने मचाई धूम

वेलकम इंडिया संवाददाता



गाजियाबाद। सिद्धार्थ विहार स्थित एसजी शिखर हाइट्स सोसाइटी में शनिवार को बाल दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक गतिविधियों से सजे विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब हाउस के सामने आयोजित समारोह में सोसाइटी के 120 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तो खेल प्रतियोगिताओं में भी खूब उत्साह दिखाया। बच्चों की मस्ती और उमंग ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत संबोधन एवं उद्घाटन के साथ हुआ। इसके बाद अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, मेंढक दौड़, गुब्बारा फोड़ दौड़, बोरी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, तीन टांगों वाली दौड़, संतुलन प्रतियोगिता और रस्साकशी जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। अपनी बारी का इंतजार कर रहे बच्चों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं, अभिभावकों और सोसाइटी के निवासियों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।

फ्लैट-दुकान के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार, 38.19 लाख की नकदी और ज्वैलरी बरामद

फर्जी प्रोजेक्ट दिखाकर निवेशकों को लगाता था करोड़ों का चूना, छह मुकदमों समेत दिल्ली में भी दर्ज है केस





वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। फ्लैट और दुकान दिलाने के नाम पर निवेशकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी नितिन शर्मा उर्फ दीपक शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सर्विलांस टीम नगर जोन और एसआईटी नंदग्राम की संयुक्त टीम ने आरोपी को दबोचकर उसके कब्जे से 5.08 लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और चांदी की आठ सिल्लियां बरामद की हैं। बरामद सामान की कुल कीमत 38,19,765 रुपये बताई गई है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी M/s ASR ReAltech Limited और M/s Right EArth Infra LLP की फर्जी परियोजनाओं के नाम पर लोगों को फ्लैट और दुकान बुक कराने का झांसा देता था। आकर्षक कीमत और भविष्य में मुनाफे का लालच देकर निवेशकों से रकम वसूली जाती थी। इस मामले में नंदग्राम थाने में छह और दिल्ली के सदर बाजार थाने में एक मुकदमा दर्ज है।

जांच में धोखाधड़ी की रकम आरोपी के बैंक खातों में पहुंचने के साक्ष्य मिले थे। पूछताछ में उसने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए ठगी करने और बरामद नकदी व जेवरात ठगी की रकम से खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस अब तक इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं यातायात राजकरन नैय्यर ने गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस अब आरोपी के वित्तीय लेनदेन और अन्य साथियों की भूमिका की जांच कर रही है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, मां और 10 माह के मासूम की मौत; चार साल के बच्चे का पैर कटा



वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सुंदरदीप कॉलेज के पास तेज रफ्तार कैंटर और बाइक की भिड़ंत में दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार महिला गुलशन और उनके 10 माह के बेटे अस्बान की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चार वर्षीय बेटे रियान का पैर कटकर शरीर से अलग हो गया। वहीं, बाइक चला रहे असलम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान मासूम अस्बान ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार पर टूटे इस दुखों के पहाड़ से इलाके में शोक की लहर है।

बाल दिवस पर वामा खेलोत्सव का आयोजन, 41 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित







वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट गाजियाबाद में वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में वामा खेलोत्सव-2026 सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वामा सारथी की उपाध्यक्ष श्रीमती दीक्षा, श्रीमती दीपाली तिवारी और श्रीमती निधि ने की। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस परिवार के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। खेलों के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने, आपसी मेलजोल बढ़ाने और शारीरिक विकास का अवसर मिला।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुलिस परिवार के 41 बच्चों को पुलिस मुख्यालय लखनऊ से प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

लिखीराम चौहान परिवार के जागरण में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयकारों से गूंजा चिपियाना गांव










वेलकम इंडिया संवाददाता

गौतमबुद्ध नगर। चिपियाना बुजुर्ग गांव के होली वाले मोहल्ले में लिखीराम चौहान परिवार की ओर से मां भगवती के भव्य जागरण का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। जागरण में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दरबार में माथा टेका और परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।





कार्यक्रम की शुरूआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद कलाकारों ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरे आयोजन स्थल पर माता रानी के जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

जागरण में प्रस्तुत की गई मां दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर एवं आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। झांकियों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और तालियों के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भक्ति में लीन रहे। जागरण के समापन पर माता रानी की आरती की गई और सभी श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। लिखीराम चौहान परिवार की ओर से आयोजित इस जागरण ने पूरे मोहल्ले को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया।

निजी अस्पताल में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग, शौचालय में छिपकर परिवार ने बचाई जान

वेलकम इंडिया संवाददाता

गाजियाबाद। लोनी थाना क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में शुक्रवार देर रात हमलावरों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले अस्पताल के बाहर खड़ी कार में तोडफोड़ की और उसके चारों पहियों की हवा निकाल दी। इसके बाद अस्पताल में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। जान बचाने के लिए हाजी सलमान के परिवार के सदस्यों ने अस्पताल के शौचालय में छिपकर अपनी जान बचाई। हमलावरों पर एक बुजुर्ग महिला के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने का भी आरोप है। पुलिस ने एक नामजद समेत 11 आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। लोनी थाना क्षेत्र की गौरी पट्टी निवासी बुंदू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके छोटे बेटे शहनवाज की पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण उसे दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे वह अपनी पत्नी संजीदा, बेटी नसीमा और नाती अफजल के साथ कार से बहू को देखने अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान अफजल अस्पताल के बाहर कार के पास खड़ा था। आरोप है कि तभी गौरव अंबावत अपने करीब दस साथियों के साथ वहां पहुंच गया। हमलावरों ने पहले कार में तोडफोड़ की और उसके चारों पहियों की हवा निकाल दी। अफजल ने इसका विरोध किया तो उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी गई और फायरिंग कर दी गई। गोलीबारी में अफजल बाल-बाल बचा। गोली चलने की आवाज सुनकर अस्पताल में मौजूद परिवार के अन्य सदस्य बाहर आए तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

नाम परिवर्तन

मैं चन्द्रकांता सिंह पत्नी विजय पाल सिंह निवासी ए डी -78 अवंतिका गाजियाबाद घोषणा करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम चन्द्रकांता सिंह (CHANDRAKANTA SINGH) दर्ज है जबकि मेरे पासपोर्ट (T550788) एवं पति श्री विजय पाल सिंह के पासपोर्ट (T1942984) में मेरा नाम चन्द्रकांता (CHANDRAKANTA) दर्ज है। चन्द्रकांता और चन्द्रकांता सिंह दोनों एक ही महिला का नाम है।